आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 347 -● जबलपुर ● शुक्रवार, 20 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष 14 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## दिल्ली में दीवार पर लिखे खालिस्तान जिंदाबाद के नार

नई दिल्लीएजेंसी। दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में गुरुवार सुबह एक दीवार पर गुरुमुखी और हिंदी में च्खालिस्तान जिंदाबादज्और च्रेफरेंडम 2020ज्के नारे लिखे मिले। कम से कम 10 जगहों पर ऐसे देश विरोधी नारे लिखे थे, जिन्हें सूचना मिलने पर तुरंत हटा दिया गया। पुलिस ने कहा कि यह सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा नहीं है और इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर इस घटना को अंजाम

## धार में फर्जी मतदान करते आदमी को पकड़ा, दुल्हन ने किया मतदान,

**बड़वानी, एजेंसी ।** मध्य प्रदेश में बड़वानी, खंडवा, धार सहित कई जगह नगरीय निकाय चुनाव में मतदान जारी है। 23 जनवरी को इन चुनावों के नतीजे आएंगे। ठंड के चलते मतदान की गति धीमी है। इस बीच धार में पुलिस ने फर्जी मतदान करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामला धार के वार्ड नंबर 21 का है, जहां यह युवक फर्जी मतदान करने आया था।धार में मतदान के दौरान उत्साहजनक तस्वीरें भी देखने को मिली ।



## भारत के पानी पर नियंत्रण की चीन की खतरनाक साजिश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत और चीन की सेनाओं के बीच लंबे समय से सीमा पर तनातनी बनी हुई है। इस बीच चीन की रणनीति का विश्लेषण करने से पता चलता है कि चीन भारत के पानी पर कब्जा करने की रणनीति बना रहा है। दरअसल नई सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन माबजा जांगबो नदी पर नया बांध बना रहा है। बता दें कि यह बांध जिस जगह बन रहा है, उससे कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर भारत-नेपाल-चीन की सीमाएं मिलती हैं। इंटेलीजेंस रिसर्चर डेमियन साइमन ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर यह तस्वीरें साझा की हैं। साइमन का दावा है कि चीन इस बांध के जरिए इस पूरे इलाके के पानी पर नियंत्रण करना चाहता है। जिस जगह बांध बन रहा है, उसके पास ही पानी का बहुत बड़ा जलाशय मौजूद है। माना जा रहा है कि इसी पानी पर नियंत्रण के लिए चीन इस बांध का निर्माण कर रहा है। अभी बांध का निर्माण कार्य चल रहा है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि चीन पानी पर कंट्रोल कर दक्षिण एशियाई देशों पर दबाव बनाना चाहता है, जिनमें भारत भी शामिल है। एक रिपोर्ट के अनुसार, तिब्बत के पठार में पानी के बड़े-बड़े जलाश्य हैं। चीन तिब्बत के इस पूरे पानी पर अपना दावा करता है। तिब्बत के पठार से ही सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र, इरावेड्डी, सलवीन, यांगजे और मेकॉन्ग जैसी बड़ी नदियों का उद्गम होता है। ये नदियां भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, लाओस और वियतनाम में बहती हैं और इन देशों में सिंचाई और पीने के पानी का बड़ा स्त्रोत हैं। अनुमान के मुताबिक तिब्बत के पठार से हर साल करीब 718 अरब क्यूबिक मीटर पानी बहकर चीन और अन्य पड़ोसी देशों में जाता है।

**इंडो-नेपाल सीमा के नजदीक बना रहा बांध**

### बांध बनाकर बदल सकता है पानी का प्रवाह

विशेषज्ञ मानते हैं कि चीन तिब्बत से बहने वाली नदियों पर कई बड़े-बड़े बांध बना रहा है। चीन की योजना इस पानी से देश में सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने और बिजली बनाने की है। चीन सलवीन, मेकॉन्ग, यांगजे और ब्रह्मपुत्र नदी पर ऐसे ही बड़े-बड़े बांध बना रहा है। इससे भारत पाकिस्तान में बहने वाली कई नदियों में पानी की कमी हो सकती है। इससे भारत पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर सिंचाई और पीने के पानी की कमी हो सकती है। साथ ही चीन बांधों के जरिए इन नदियों के प्रवाह को पूरी तरह से बदल भी सकता है। द इंटरप्रेटर की रिपोर्ट के अनुसार, गलवान घाटी में हुई भारतीय और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद भी चीन ने गलवान नदी के पानी का प्रवाह रोक दिया था। गलवान नदी सिंधु नदी की सहायक नदी है। इससे गलवान नदी का पानी भारत में बहकर आना बंद हो गया था।

# अध्यक्ष बृजभूषण ने कहा ,नहीं दूंगा त्यागपत्र

## पहलवानों का प्रदर्शन जारी,सरकार लेगी कड़ा एक्शन



**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के आरोपों को लेकर केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। एक दिन पहले खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ को नोटिस भेजकर 72 घंटे के भीतर जवाब मांगा था, लेकिन गुरुवार शाम तक खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने स्वयं मोर्चा संभाल लिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बृजभूषण शरण सिंह को 24 घंटे में इस्तीफा देने का अल्टीमेटम जारी कर दिया गया है। मतलब पूरे विवाद को खत्म करने के लिए सरकार आज कोई बड़ा एक्शन ले सकती है।इस बीच, बृजभूषण शरण सिंह ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने गोंडा में मीडिया से बातचीत में कहा- मैं शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करूंगा। मेरे समर्थन में भी कई खिलाड़ी हैं मेरे खिलाफ कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा के इशारे पर राजनीति हो रही है। जो आरोप लगा रहे हैं, उनका करियर खत्म हो गया है। ज्यादातर पहलवान एक ही कम्युनिटी से हैं। पार्टी का जो आदेश मिलेगा, उसी को मानूंगा। इससे पहले गुरुवार का दिन एक्शन से भरा रहा। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने आवास पर खिलाड़ियों के साथ बैठक की। देर रात तक चली बैठक में बजरंग पुनिया, रवि दहिया, बबीता फोगाट, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व अंशु मलिक मौजूद थीं। इससे पूर्व ओलंपिक व अन्य अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता पहलवान गुरुवार को दूसरे दिन भी जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे। केंद्र सरकार की ओर से पूर्व पहलवान बबीता फौगाट जंतर-मंतर पर पहुंचीं और प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक ने सरकार के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। बातचीत का कोई ठोस नतीजा नहीं निकला तो प्रेस कान्फ्रेंस में पहलवानों ने नाराजगी जाहिर की। सर्वाधिक आक्रोशित नजर आ रहीं विनेश फौगाट ने कहा कि हमने बृजभूषण शरण सिंह पर जो इल्जाम लगाए हैं वो पूरी तरह से सही हैं।



## बाइक को रौंदने के बाद मकान में घुसी बारातियों से भरी बस दो की मौत, पांच घायल

**विदिशा, ईएमएस।** जिले के ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के चक पाटनी गांव के पास शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां बारातियों से भरी एक बस ने दो बाइक सवारों को बुरी तरह कुचल दिया, जिसमें बाइक सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक निर्माणाधीन मकान में जा घुसी, जिस कारण बस में सवार पांच बाराती बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से घायलों को रेस्क्यू किया।जानकारी के मुताबिक भोपाल-बैतूल मार्ग पर चलने वाली ये बस बारात लेकर जा रही थी। सभी नर्मदापुरम जिले के डोलरिया गांव से बीना शादी में गए थे। बीना से वापस आते वक्त ये हादसा हुआ।

## पीएम मोदी ने नवनियुक्त भर्ती के लिए 71000 नियुक्ति पत्र वितरित किए

### लोगों के साथ बातचीत भी की

**नई दिल्ली ,यशभारत ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्ती के लिए लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किया।**



उन्होंने सरकारी विभागों और संगठनों में नए भर्ती हुए लोगों के साथ बातचीत भी की। इससे पहले पीएमओ ने कहा कि रोजगार सृजन को मुख्य प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार मेला रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।पीएमओ ने कहा कि देश भर से चयनित युवाओं को भारत सरकार के तहत जूनियर इंजीनियर, लोको पायलट, तकनीशियन, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर एकाउंटेंट, ग्रामीण डाक सेवक, आयकर निरीक्षक, शिक्षक, नर्स, डॉक्टर, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस जैसे विभिन्न पदों पर तैनाती दी जाएगी।




## सीएम ने दी अफसरों को दी विनम्र रहकर काम करने की सलाह

**भोपाल, यशभारत।** कोरोना के चलते तीन साल के विराम के बाद शुक्रवार से राजधानी भोपाल में आइएएस सर्विस मीट फिर से हो रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रशासन अकादमी में दीप प्रज्ज्वलित कर इस तीन दिवसीय मीट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप और हम मिलकर मध्यप्रदेश को प्रगति एवं विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कोविड में टीम मप्र ने परिश्रम की पराकाष्ठा पार कर दी थी, टीम मप्र को बधाई। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में कलेक्टरों की तारीफ की। डिंडोरी बड़वानी और सीहोर कलेक्टर की तारीफ की। मुख्यमंत्री ने कहा हमें विनम्र रहकर कार्य करना आना चाहिए। अंहकार शून्य रखकर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर सीएम ने अधिकारियों को सलाह दी कि आप अपने परिवार, बच्चों को समय जरूर दें।परेशानियों में से घर आने पर उत्साह मिलता है। टीम तनाव में न रहे, प्रसन्न रहे। गौरतलब है कि इस सर्विस मीट के तहत खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें आइएएस अधिकारियों के साथ-साथ उनके स्वजन भी भाग लेंगे। वहीं, आइपीएस सर्विस मीट तीन और चार फरवरी को होगी। प्रदेश में कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020, 2021 और 2022 में आइएएस सर्विस मीट नहीं हो पाई थी। इस कार्यक्रम के माध्यम से आइएएस अधिकारी स्वजन सहित एक स्थान पर एकत्र होते हैं। विचार-विमर्श के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक सहित अन्य गतिविधियों में भाग लेते हैं। शुक्रवार से भोपाल के अरेरा क्लब, कुशाभाऊ सभागार, बोट क्लब सहित अन्य स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

## जजों की नियुक्ति पर केंद्र की आपत्ति-सुको ने खंडन किया

### जवाब में 3 लेटर जारी किए, 4 दिन चर्चा के बाद लिया फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जजों की नियुक्ति को लेकर केंद्र और न्यायपालिका में टकराव के बीच सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बड़ा कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपने वेबसाइट पर तीन लेटर जारी कर वकील सौरभ कृपाल, सोमशेखर सुंदरसन और आर जॉन सत्यन की पदोन्नत पर केंद्र और RAW-IB की आपत्तियों का खंडन किया है। साथ ही SC ने मसले पर केंद्र की आपत्तियों का जवाब भी दिया। दिल्ली हाई कोर्ट में वकील सौरभ कृपाल के नाम पर केंद्र की आपत्ति के जवाब में कहा कि जज के रूप में कृपाल की नियुक्ति का प्रस्ताव पांच साल से ज्यादा समय से लंबित है। अब इस प्रोसेस को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एसके कौल और केएम जोसेफ ने 4 दिनों तक कई बैठकें की। इसके बाद सारी जानकारी जनता के सामने लाने का फैसला किया। वेबसाइट पर लेटर जारी करने से पहले बुधवार को तीनों जस्टिस को भी घंटों चर्चा की थी। इसके बाद गुरुवार को भी लेटर जारी करने से पहले उन्होंने चर्चा की।

## जोशीमठ में भारी बर्फबारी, मकानों को गिराने का काम रुक



**जोशीमठ, एजेंसी।** पिछले कई दिनों से भू-धंसाव के खतरे से जूझ रहे जोशीमठ में शुक्रवार सुबह सीजन की पहली बर्फबारी हुई। ताजा बर्फबारी ने जोशीमठ के बाशिंदों की दहशत बढ़ा दी है। बर्फबारी के चलते खतरनाक घरों को गिराने का काम शुक्रवार को रोक दिया गया है। मौसम विभाग ने 23 और 24 जनवरी को भी जोशीमठ, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। उधर राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान की प्राइमरी टेस्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तराखंड में भू-धंसाव से प्रभावित जोशीमठ की जेपी कॉलोनी की दरारों से निकलने वाला पानी तपोवन की हइक्क्ष की सुरंग के पानी से अलग है।

## कठुआ में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जैकेट में दिखे राहुल, बारिश के बीच लोगों में उत्साह

**जम्मू ,ईएमएस।** जम्मू कश्मीर में भारत जोडो यात्रा का दूसरा दिन है। कठुआ में यात्रा बारिश के बीच हो रही है। इसके बाद भी लोगों में उत्साह बना हुआ है। कड़ाके की ठंड के बीच राहुल गांधी ने जैकेट पहन लिया है। यात्रा सुबह 8 बजे हटली मोड से शुरु हुई, जो अरोडिया तक चलेगी। इस बीच राहुल 16 प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात भी करेंगे।कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा कल शाम जम्मू कश्मीर पहुंची थी। पंजाब को जम्मू कश्मीर से जोड़ने वाले रावि पुल को पार कर यात्रा प्रदेश की धरती पर पहुंची। नेकां नेता फारुक अब्दुल्ला, शिवसेना नेता संजय राउत, जम्मू कश्मीर कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने यात्रा का अभिनंदन किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वह कहना चाहते हैं कि

## नफरत, हिंसा, बेरोजगारी ,महंगाई सबसे बड़े मुद्दे :राहुल गांधी



आप किसी भी धर्म जात के हो, बच्चे या बुजुर्ग हो आप इस देश के हैं। उन्होंने कहा, च मैं नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आया हूं। मेरे दिल में आपके लिए मोहब्बत है। अगले नौ दस दिन आपके दिल का दर्द जो दुख है, उसे बांटने आया हूं। भारत जोड़ो यात्रा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हिंदोस्तान के सामने नफरत, हिंसा, बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़े मुद्दे हैं। सरकार ने इस देश को रोजगार देने वाले छोटे मध्यम व्यवसायियों को खत्म कर दिया। नतीजा यह हुआ है कन्याकुमारी से कश्मीर तक युवाओं के मुंह में एक शब्द है बेरोजगारी, बेरोजगार, बरोजगारी।उन्होंने कहा, च्यह देश अपने युवाओं, अपने बच्चों को झूठ बोल रहा है। इंजीनियर, वकील बन सकते हो या फिर आईएएस, सेना में जा सकते हो। लेकिन सच्चाई यह है कि करोड़ों बच्चों में से एक दो प्रतिशत ही यह पद हासिल करेंगे। आज के हिंदोस्तान में बाकी बेरोजगार होंगे, मजदूरी करेंगे।ज्राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह भाजपा और आरएसएस की पॉलिसी का नतीजा है। भारत के गरीब लोगों और युवाओं के अधिकारों पर हमला हो रहा है। किसानों पर आक्रमण हो रहा है। पूरा फायदा, दो तीन अरबपतियों को दिया जा रहा है। कहा कि दो हिंदोस्तान बनाए जा रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क की हुई पिटाई, गर्लफ्रेंड ने बरसाए थप्पड़,

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क अपने रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में है। उन्होंने 2015 में वर्ल्ड कप जीतने के लिए टीम की कप्तानी की। क्लार्क ने शादी के 7 साल बाद 2019 में अपनी पत्नी काइली को तलाक दे दिया था। उनका तलाक 300 करोड़ में हुआ था। इसलिए काफी चर्चाओं में रहा था। अपनी पत्नी को डिवोर्स देने के बाद माइकल का जेड यारब्रॉज के साथ रिलेशन था। अब उनपर अपनी गर्लफ्रेंड को धोखा देना का आरोप है। जिसके चलते उनकी प्रेमिका ने सरेआम उन्हें कई चांटे मारे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।





# माँ की सेवा ही ईश्वर की सेवा प्रह्लाद पटैल

## महापौर ''अन्नू'' की स्व. माताश्री श्रीमती चम्पा देवी सिंह के श्री चरणों में समाज के सभी वर्गो के लोगों पुष्पांजलि अर्पित की

**जबलपुर, यशभारत।** शहर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' की माताश्री स्व. श्रीमती चम्पा देवी सिंह जी की आत्मा की शांति के लिए गुरूवार को मदन महल थाने के सामने दद्दा परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा में शहर के सभी गणमान्यजनों के साथ ज्ञानेश्वरी दीदी, चन्द्रशेखरानंद जी महाराज, अनूप शास्त्री जी, स्वामी अशोकानंद, संतगण एवं ब्राम्हणों के साथ केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटैल, जबलपुर के सांसद राकेश सिंह, विधायक विधायक अजय विश्नोई, संजय पाठक, तरूण भनोत, लखन घनघोरिया, अशोक ईश्वरदास रोहाणी, सुशील तिवारी, विनय सक्सेना, संजय यादव, एम.आई.सी. सदस्य शेखर सोनी, श्रीमती एकता गुप्ता, श्रीमती हेमलता सिंह सिंगरौल, अमरीश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, रीमती शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नवी, गुलाम हुसैन, दिनेश तामसेतवार, श्रीमती लक्ष्मी गोंटिया, शरद जैन, हरेन्द्र जीत सिंह बब्बू, जी.एस. ठाकुर, विनोद गोटिया, राधेश्याम चौबे, पूर्व महापौर प्रभात साहू, सदानंद गोडबोले, स्वाती गोडबोले, मखना दीदी, अजीत मिनोचा, वारकाउंसिल अध्यक्षक संजय वर्मा, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, विश्वमोहन, अभिलाष पाण्डे, गिब्योम सेन, पूर्व मंत्री विधायक मरकाम, धीरज पटैरिया, दिनेश यादव, मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री चन्द्र कुमार भनोत, विष्णु शंकर पटैल, एवं शहर के सभी दलों के जनप्रतिनिधिगण, व्यापारीगण, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, पत्रकार बंधुओं, के साथ-साथ परिजनों एवं कुटुम्बजनों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर माताश्री स्व. चम्पा देवी सिंह के श्रीचरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि अर्पित के मौके पर रामधुन शांति पाठ और भजन के बीच सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए मॉं की ममता के प्रति महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के समर्पण, एवं सेवा भाव का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पावन धरती पर मॉं ही देवी शक्ति के रूप में बच्चों को आशिर्वाद देने हमेशा प्रगट रहती है। मॉं की ममता से ब?कर इस जग में और कोई अनमोल रत्न नहीं है। सभी गणमान्यजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने माताश्री की महिमा एवं गुणों तथा संस्कारों के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों क्रमशः विजयपाल सिंह-हेमलता सिंह, जगत बहादुर सिंह 'अन्नू'-यामिनी सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह-अमृता सिंह, सरिता सिंह-पृथ्वीपाल सिंह, ललिता सिंह-दिग्विजय सिंह, बनिता सिंह - सुरेन्द्र सिंह सेंगर, चन्द्र शेखर सिंह, रविशेखर सिंह, सिद्धांत सिंह, दिगदर्श सिंह, जयदित्य प्रताप, सूर्यांश सिंह, दिव्यांश सिंह, तनु सिंह, अभिवीर सिंह, अभिराज सिंह, को आशिर्वचन देकर संबल प्रदान किया।



कर्मचारी संघ

## अधिकारियों/कर्मचारियों के विगत दो माह से वेतन भुगतान नहीं



**जबलपुर, यशभारत।** मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ विभागीय समिति जबलपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय के अध्यद्वा वीरेश शर्मा ने बताया कि स्वशासी के अंतर्गत कार्यरत अधिकारी / कर्मचारियों के वेतन भुगतान के संबंध में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के विगत दो माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है पिछला वेतन अक्टूबर माह में किया गया था। अधिकारियों/कर्मचारियों का वेतन न होने से घर लाना कठिन हो गया है। : कर्मचारी संगठनों ने प्राचार्य से मुलाकात की . प्राचार्य द्वारा आश्वासन दिया गया कि दो दिवस के अंदर वेतन का भुगतान कर दिया जायेगा। दो दिवस के अंदर वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो सभी अधिकारी/कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी शासन / प्रशासन को होगी। इस अवसर पर रविकांत दहायत विजय यादव, टीआर चौधरी आलोक बाजपेयी मो. असलम खान विपिन रेकवार, सुनील रेकवार भरत सिंह, मदन विश्वकर्मा गंगाराम भवरे, मनोज गुप्ता, विजय कौशल पवन भारती नरेश कुलस्ते एवं सभी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## कब मिलेगी एकीकृत शाला निधि..?

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के अनुसार राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा दिसंबर 2021 के पहले शाला प्रबंधन समिति के बैंक खातों को बंद कर दिया गया था उन खातों की शेष राशि भी राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के एक बैंक खाता में चेक के माध्यम से ले ली गई थी तब से अब तक शाला प्रबंधन समिति के बैंक खातों को संचालित करने की कवायद चल ही रही है।अभी तक बैंक खातों को संचालित नहीं किया गया है और एकीकृत शाला निधि सहित अन्य राशियों से भी शालाएं वंचित है।सभी संस्था प्रधान विभिन्न तरीके से उधारी लेकर शाला प्रबंधन की सामग्री जुटा रहे हैं उधारी का कोई अधिकृत आदेश भी सरकार ने जारी नहीं किया है।ना ही तत्काल मे निर्देश जारी होने की सम्भावना है। केवल कोरे आश्वासन मिल रहे है। संगठन के दिलीप सिंह ठाकुर,एम एल पटेल,जी आर झारिया, राकेश मून, ऋषि पाठक, आदि ने सरकार तथा शासन -प्रशासन से आग्रह किया है कि ऐसे अति संवेदनशील मुद्दे पर गंभीरता बरते तत्काल यथा संभव कार्यवाही करे।

## शिक्षकों को योग्यता और वेतनमान के अनुरूप पदनाम और राज्य शिक्षा केन्द्र के पदों पर प्रतिनियुक्ति दी जाए

### षिक्षकों को पदनाम और राज्य षिक्षा केन्द्र के पदों पर प्रतिनियुक्ति दी जाए

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने मुख्यमंत्री और आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र से पत्राचार कर यह मांग की है कि जो भी सहायक षिक्षक और शिक्षकों ने तृतिय क्रमोन्नति प्राप्त कर ली है उन्हे उनकी योग्यता एवं वेतनमान के अनुरूप पदनाम पदोन्नति एवं राज्य षिक्षा केन्द्र के पदो पर प्रतिनियुक्ति दी जाना चाहिए। जिससे उनकी योग्यता और अनुभव का लाभ विभाग को मिल सके। परंतु देखा जा रहा है कि लम्बे समय से मांग की जाने के बावजूद सहायक षिक्षकों एवं षिक्षकों को पदनाम पदोन्नति नहीं दी जा रही वहीं राज्य षिक्षा केन्द्र के पदों पर उन्हे विभिन्न प्रकार की शर्तों का हवाला देते हुए राज्य षिक्षा केन्द्र के पदों पर प्रतिनियुक्ति न देकर सहायक षिक्षकों एंव षिक्षकों के साथ नाइंसाफी की जा रही है जिससे सहायक षिक्षकों एवं शिक्षकों में रोष व्याप्त है।संगठन के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, गुडविन चार्ल्स, धनराज पिल्ले, आदि ने अनुभवी सहायक शिक्षकों एवं शिक्षकों को पदनाम पदोन्नति एवं योग्यता एवं अनुभव के आधार पर राज्य शिक्षा केन्द्र के पदों पर प्रतिनियुक्ति दी जाए।

# कल मौनी और शनिश्चरी अमावस्या का महासंयोग

### नर्मदा नदी में श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी



**जबलपुर, यशभारत।** माघ माह में आने वाली अमावस्या को मौनी अमावस्या के नाम से जाना जाता है। मौनी अमावस्या पर इस बार शनिवार होने के कारण इसका महत्व और अधिक बढ़ गया है। इस बार माघी अमावस्या 21 जनवरी 2023 यानी शनिवार के दिन मनाई जाएगी। माघ मास में पड़ने वाली इस मौनी अमावस्या पर दान करने से शनि के दुष्प्रभावों में कमी आएगी। साथ ही नदियों में स्नान करने से पुण्य लाभ भी होगा। शनिश्चरी अमावस्या को देखते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा नदी में स्नान करेंगे, ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास ने बताया कि माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या 21 जनवरी को प्रातः 6 बजकर 17 मिनट से शुरू हो रही है, जो 22 जनवरी को रात 2 बजकर 22 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि को देखते हुए 21 को मौनी अमावस्या मनाई जाएगी। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान, दान करने से अक्षय पुण्य मिलता है। उन्होंने बताया कि इस बार माघ मास में पांच शनिवार रहेंगे। शनि की साढ़े साती, ढैय्या या अन्य जन्मजात शनि दोषों की निवृत्ति के लिए इस शनिवारी अमावस्या पर दान करने से अधिक लाभ होगा। हिंदू धर्म में अमावस्या का काफी महत्व है और इस दिन उपवास करने से विशेष फल मिलता है। माघ महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मौनी अमावस्या कहा जाता है और इस अमावस्या पर मौन रहकर पवित्र नदी में स्नान करने का विशेष महत्व होता है। पौराणिक मान्यता है कि मौनी अमावस्या के दिन यदि दान करते हैं तो इंसान के सारे पाप मिट जाते हैं और उसे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। 21 जनवरी को सुबह 8.33 मिनट से लेकर सुबह 9.52 मिनट के बीच स्नान और दान-धर्म से जुड़े कार्य करने का शुभ मुहूर्त रहेगा। इस समयावधि में यदि पवित्र नदी या कुंड में स्नान करने के बाद गरीबों को दान किया जाता है तो इसका शुभ फल मिलता है। इस दौरान गरीबों को ठंड से बचने के लिए कंबल, गुड़ और तिल का दान कर सकते हैं। पवित्र कुंड या नदी में स्नान करते समय नमो भगवते वासुदेवाय नमः और नमः शिवायः मंत्र का जाप करना चाहिए।

### पितरों के तर्पण का महत्व

मौनी अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण करने का भी विधान है। ऐसा करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। तर्पण और दान करने से कुंडली के दोषों से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा मौन व्रत रखने से वाक् सिद्धि की प्राप्ति होती है। मौन व्रत का अर्थ खुद के अंतर्मन में झांकना, ध्यान करना और भगवान की भक्ति में खो जाने से है।

## जीसीएफ को आपरेटिव सोसायटी के चुनाव आज

**जबलपुर यशभारत।** खमरिया के बाद अब जीसीएफ को आपरेटिव सोसायटी के चुनाव आज होने जा रहे हैं।सभी प्रत्याशी विगत एक सप्ताह से चुनाव प्रचार कर रहे थे।शुक्रवार को सभी ने अपना दमखम दिखाने की कोशिश की है।अब आज शाम तक चुनाव परिणाम आ जाएंगे।इस चुनाव में मजदूर संघ हथोड़ा(लालझंडा)और मिले हाथ (पीले झंडे) के बीच मुख्य मुकाबला है। यूं तो32 प्रत्यायुक्त के लिए 80 उम्मीदवार मैदान में है। जिसमें लाल झंडा और मिले हाथ के32-32उम्मीदवार के साथ एस सी/एस टी यूनियन के16 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।लेकिन मुकाबला लाल और पीले झंडे के बीच है।दोनों यूनियन अपने22से24 उम्मीदवार जीतने का दावा कर रहे हैं।लेकिन शाम तक सब कुछ साफ हो जायेगा । जानकारी के अनुसार मतदान दोपहर12से2बजे तक होगा।उसके आधा घंटा बाद मतगणना शुरू होगी। वर्तमान में पीले झंडे का बहुमत सोसायटी में है।अब मतदाता किसको सोसायटी की बाग डोर सौंपेंगे शाम 4 बजे तक साफ हो जाएगा।

**32प्रत्यायुक्तों के लिए 80 उम्मीदवार मैदान में, परिणाम शाम तक**

### कब होंगे व्हीएफजे सोसायटी के चुनाव

एक एक कर सभी निर्माणियों की को आपरेटिव सोसायटी के चुनाव हो चुके हैं।लेकिन व्हीएफजे सोसायटी के चुनाव अब तक नहीं कराये जा सके हैं।जबकि व्हीएफजे सोसायटी लंबे समय से भंग है।जहां सहकारिता विभाग की ओर से प्रशासक पदस्थ है।सितंबर में सहकारिता विभाग ने सितंबर माह में चुनाव कराने के उद्देश्य से मतदाता सूची दुरुस्त करने की अधिसूचना जारी की थी।लेकिन अब तक वहां चुनाव नहीं कराये जा सके हैं।जबकि उसके बाद अक्टूबर में खमरिया और नवंबर में जीसीएफ सोसायटी की अधिसूचना जारी की गई थी।

# गहोई दिवस कार्यक्रमों का आगाज

**जबलपुर, यशभारत।** श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत, जबलपुर द्वारा गहोई दिवस कार्यक्रमों का आगाज मानस भवन स्थित राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की प्रतिमा के माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर समाज पदाधिकारी, समस्त पंचगण सहित नारीमंडल व नवयुवक मंडल की टीम एवं समाज के गणमान्य जनों की बहुतायत संख्या में उपस्थिति रही।दूसरे चरण में शाम को गहोई वैश्य पंचायती भवन तमरहाई में विविध प्रतियोगिताएँ हुई। उद्घाटन तक्षशिला कॉलेज के चेयरमैन सुभाष चंद्र मसुरहा ने किया व अध्यक्षता विजय सुहाने ने की, विशिष्ट अतिथि अनंतराम बड़ेरिया ।समाज के प्रतिभागियों ने निबंध, रंगोली, ड्राइंग, व्यंजन, तोरण बनाओ सहित अनेक प्रतियोगिताओं में अपना हुनर प्रदर्शित किया।




### आज होने वाली प्रतियोगिताएं

आज शाम चार बजे से गहोई वैश्य पंचायती भवन में एकल, युगल एवं समूह नृत्य गायन और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। स्वजातीय जनों से सपरिवार उपस्थिति की अपील समाज अध्यक्ष विजय कुमार सुहाने, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश लहरिया उपाध्यक्ष डॉ अरूण सरावगी मंत्री इंजी. रामगोपाल ददरया, कोषाध्यक्ष श्रीकांत इंदुरख्या, कार्यक्रम संयोजक इंजी. अरुण खर्द, अशोक गुप्ता, उर्मिला सिपोल्या, गेघा बडौन्या, अभिषेक ब्रजपुरिया, सचिन पहारिया आदि ने की है।




## आई टी आई में प्लेसमेंट ड्राइव आज

**जबलपुर,यशभारत।** शासकीय संभागीय आई टी आई जबलपुर में श आज सुबह 11 बजे से एक दिवसीय आईटीआई प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। ड्राइव में ऑटोमोबाईल सेक्टर की कंपनी सुजुकी मोटर गुजरात हनसालपुर प्लान्ट में एफ्टीसी पर 21 हजार रूपये मासिक वेतन तथा अप्रेंटिस पर 16 हजार 900 रूपये मासिक वेतन पर चयन किया जायेगा। प्लेसमेंट ड्राइव में भर्ती के लिए आईटीआई पास ट्रेड फ्टिरए डीजल मैकेनिकए मोटर मैकेनिकए टर्नरए मशीनिष्टए वेल्डरए इलेक्ट्रीशियनए टूल एण्ड डाई मेकरए प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटरए ट्रेक्टर मैकेनिकए पेन्टर जनरल व्यवसाय से उत्तीर्ण केवल पुरुष अभ्यार्थी भाग ले सकते हैं। कंपनी द्वारा लिखित एवं साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। शासकीय संभागीय आईटीआई के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेण्ट ड्राइव में 18 से 24 वर्ष के युवा शामिल हो सकेंगे। इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथिए समय व स्थल पर अपने सभी दस्तावेजों के साथ प्लेसमेंट ड्राइव साक्षात्कार के लिये उपस्थित हो सकते हैं।

## निबंध प्रतियोगिता के विजेता मतदाता दिवस पर पुरस्कृत होंगे

**जबलपुरयशभारत।** जिले के शासकीयए अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालय स्तर पर शश् वोट जैसा कुछ नहींए वोट जरूर डालेंगे हम शश् विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 171 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रविष्टियां प्रस्तुत की। जिला स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा विद्यार्थियों से प्राप्त प्रविष्टियों का चयन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर मुध चौबेए बीकॉम तृतीय वर्षए माता गुजरी महिला महाविद्यालयए ;स्वशासीद्धए द्वितीय स्थान पर सुप्रिया सिंहए बीण्एण् तृतीय वर्षए सेंट अलॉयसिस कॉलेज एवं तृतीय स्थान पर जैस्मिन चौधरीए बीण्एण् द्वितीय वर्षए हितकारिणी महिला महाविद्यालय का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा।

# जनेकृविवि में राज्यस्तरीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभः हिमांशु शर्मा, नेहा पटेल फर्राटा चैम्पियन






**जबलपुर, यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के जोनल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के जवाहर प्रांगण में कृषि महाविद्यालय, जबलपुर एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग द्वारा दो दिवसीय 22वीं अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 का भव्य शुभारंभ, केंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं पनागर विधायक श्री सुशील इंदु तिवारी के मुख्याआतिथ्य में हुआ । खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा की गई। ऊंचीकूद में पूजा धाकड़, शॉर्टपुट - सुनीता बघेल, सुरेन्द्र लावंशी, 100 मीटर दौड़ में हिमांशु शर्मा, नेहा पटेल एवं 800 मीटर दौड़ में पूजा शर्मा, कपिल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय के लिये इतिहास रच दिया है। इस अवसर पर मुख्यअतिथि केंट विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि ऐसी खेलकूद प्रतियोगगिता आयोजित होने से छात्र-छात्राओं के सर्वागीण विकास में कारगर साबित होती है। उन्होंने कहा कि छात्रों के अंदर छिपी हुई प्रतिमाओं को निखारने और बड़े मच में प्रदर्शन करने के लिये अतिलाभकारी साबित होती है। खेल हार-जीत के लिये होता है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि कोई भी खिलाड़ी को यह सोचकर मायूस नहीं होना चाहिये कि वह हार गया गया। हारने से ही उसे आगे बढ़ने और दूसरों को मार्गदर्शन प्रदान करने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पनागर विधायक सुशील इंदु तिवारी ने कहा कि जनेकृविवि के वैज्ञानिक हमेशा से ही अन्नदाता के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि हमारे जीवन में खेलों का अति महत्व है, खेल शारीरिक, मानसिक विकास के लिये अतिलाभकारी है। ऐसे आयोजनों से छात्रों का मनोबल बढ़ता है, और बड़े टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन बहुत ही उज्जवल होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि. हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिये यह सुनहरा मौका है. कि कोरोना काल के बाद एक बार फिर से उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने का मौका मिला है। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिये, कृषि की शिक्षा-दीक्षा के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिये जरूरी है। उनके व्यक्तित्व विकास एवं कौशल उन्नयन में खेल प्रतियोगिताओं की महती भूमिका रहती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेंद्र खरे, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. डी. पी. शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. दीप पहलवान, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, कृषि महाविद्यालय जबलपुर के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. डॉ. आर.एस. शुक्ला, उपकुलसचिव डॉ. टी. आर. शर्मा, उपलेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, सहित अन्य मंच पर उपस्थित रहे। सफल संचालन सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल एवं आभार प्रदर्शन कृषि महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. आरएस शुक्ला द्वारा किया गया। गौरतलब है कि 22वी अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 10 महाविद्यालय के लगभग 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा, रहली, खुरई, बालाघाट, गंजबासौदा, पवारखेड़ा, टीकमगढ़ रीवा, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर एवं कृषि महाविद्यालय जबलपुर की खेलकूद की टीमें शामिल हुई है, इस प्रतियोगिता में इंडोर खेलकूद में बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार मैट में कबड्डी प्रतियोगिता होगी, आउट डोर खेलों में प्रमुखता से खो- खो, वालीबॉल, ट्रैक एंड फील्ड के अंतर्गत विभिन्न 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, रिले रेस, लॉगजंप, हाई जंप, गोला फेक, जैवलिन थ्रो आदि खेलों में छात्र एवं छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। संचालन हेतु विश्वविद्यालय खेलकूद अधिकारी डॉ. एस. के. निगम एवं डॉ. धर्मेंद्र नरवरिया, डॉ. अमित झा, श्री उमेश सिंह सहित अन्य प्रमुखता से कार्यों का संपादन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के कार्यों का सफल संचालन हेतु श्री यशवंत सिंह, श्र नरेन्द्र बादल, श्री संजय, संतोष रजक, गोविंद, राजू चौहान दुष्यंत तोमर आदि का सहयोग प्राप्त हुआ ।

- ऊंचीकूद (महिला) - प्रथम पूजा धाकड़ कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर, द्वितीय, रिया जैन- कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर, तृतीय, सीमा देवड़े कृषि महाविद्यालय, जबलपुर शार्टपुट (महिला) - प्रथम, सुनीता बघेल- कृषि महाविद्यालय, जबलपुर, द्वितीय, रेखा मोबेल- कृषि महाविद्यालय, टीकमगढ़. तृतीय, नेहा मरावी कृषि महाविद्यालय, जबलपुर।
- शार्टपुट (पुरूष) - प्रथम, सुरेन्द्र लावंशी - कृषि महाविद्यालय, जबलपुर, द्वितीय दीपक मोरे- कृषि महाविद्यालय, रीवा, तृतीय, अखिलेश भावरे कृषि महाविद्यालय, टीकमगढ़ 100 मी. दौड (पुरूष) प्रथम, हिमांशु शर्मा, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर, द्वितीय, अशोक बढोले, कृषि।
- महाविद्यालय, खुरई, तृतीय, आकाश परमार, कृषि महाविद्यालय, रहली।
- 100 मी. दौड (महिला)- प्रथम, नेहा पटेल, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर, द्वितीय, रिया जैन, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर, तृतीय, पूजा धाकड़, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर।
- 800 मी. (महिला) - प्रथम, पूजा शर्मा, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर, द्वितीय सीमा देवड़े कृषि महाविद्यालय,
- पवारखेड़ा, तृतीय, उषा उइके, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर 800 मी. (पुरूष) प्रथम, कपिल, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर, द्वितीय, प्रीतम ठाकुर, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर, तृतीय, शालिज नागदेवे, कृषि महाविद्यालय जबलपुर ।



## मुंबई मेराथन में दौड़े शहर के जाबांज धावक

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस टाटा मुंबई मैराथन एशिया की सबसे बड़ी मैराथन दौड़ विगत दिवस मुंबई में आयोजित की गई । इस मैराथन दौड़ में संस्कारधानी जबलपुर रनिंग क्लब के 7 जांबाज धावकों ने 21 एवं 42 किलोमीटर मैराथन दौड़ में भाग लिया ।जिसमे प्रमोद तिवारी ,सौहार्द मात्रे ,अजय दीप , गौतम ,रजत, विजय कुमार वर्मा व अनीता गेरा ने अपना लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा कर सबका दिल जीत लिया। धावकों की फिटनिश ने सिद्ध कर दिया की नियमित रनिंग करने से हमेशा स्फूर्ति बनी रहती है ।इस शानदार सफलता पर अतुल मिश्रा, विवेक रंजन दुबे,अनुराग शुक्ला, मयंक दुबे, अजय दीप झांग, जितेंद्र दीक्षित, रजत जगानी, विवेक मिश्रा, विजय भाटिया, कर्ण चौधरी, रमेश तिवारी, रविन्द्र मक्कड़, अखिल मिश्रा,अनिल किशोर सेन, गुरुमुख दास, अनिल शुक्ला आदि ने हर्ष जाहिर करते हुए जाबाज धावकों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य एवं स्वस्थ रहने की कामना की है।




# 7 माह पहले लांच हुआ सीएनजी प्लांट धरातल से कोसों दूर

## जनता को नहीं मिल रहा लाभ, 21 करोड़ की लागत से होगा तैयार

**जबलपुर, यशभारत।** एक तरफ शहरों को प्रदूषण मुक्त करने सीएनजी गैस के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है तो दूसरी तरफ है जबलपुर में 7 महीने पहले जिस सीएनजी प्लांट को लांच किया गया वह अभी तक धरातल से कोसों दूर है। अभी तक सीएनजी प्लांट का लाभ आम जनता को मिलने लगना था परंतु लेटलतीफी की वजह से न तो जनता को लाभ मिल रहा है और न ही इसके अन्य फायदे सामने आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्मार्ट सिटी जबलपुर ने 6 माह पहले इंदौर से प्रेरित होकर परियट में 21 करोड़ रुपये का बायो सीएनजी प्लांट का प्रोजेक्ट लांच किया था। लेकिन जमीन की अड़गेबाजी और अधिकारियों की लापरवाही की वजह से प्रोजेक्ट स्थल पर 6 फीट का गड्ढा तक नहीं खोदा गया है। जबकि बायो सीएनजी प्लांट के निर्माण की समय सीमा मई 2023 बताई जा रही है। स्मार्ट सिटी जबलपुर और सांची दुग्ध संघ मर्यादित के अधिकारी जिस प्रकार से इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की अनदेखी कर रहे हैं। उससे तो यही लगता है कि शासकीय गोबरधन योजना (कचरे से कंचन) का साकार होना अभी संभव नहीं है। इस प्रोजेक्ट में बरती जा रही लेटलतीफी की वजह से जनता व कृषकों को भी लाभ नहीं मिल पायेगा। कायदे से अभी तक प्रोजेक्ट का आधे से ज्यादा काम हो जाना चाहिए था मगर नींव तक का पता नहीं है। इससे साफ होता है स्मार्ट सिटी के अधिकारी और कन्सल्टेंट कंपनियां ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में प्रोजेक्ट में लेटलतीफी करवा रहीं. हैं। स्मार्ट सिटी ने तो 18 करोड़ का ही प्रोजेक्ट लांच किया था, लेकिन इस प्रोजेक्ट की वास्तविक लागत 21 करोड़ है। लागत के अतिरिक्त 3 करोड़ रुपये कहां से जुटाए जाएंगे? यह भी निश्चित नहीं हो पाया है। ऐसे में प्रोजेक्ट कब तक पूरा हो पाएगा? यह कह पाना मुश्किल है। यह प्रोजेक्ट जल एवं वायु प्रदूषण से जुड़ा हुआ है। इससे न तो किसानों को खाद मिल सकेगी और न ही पर्यावरण संरक्षण के लिए जनता को प्रेरित किया जा सकेगा। जबकि यह प्रोजेक्ट इन्हीं सब पहलुओं को ध्यान में रखकर लांच किया गया था। लेकिन काम की गति को देखकर ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है कि यह प्रोजेक्ट समय पर जनता के काम आ पाएगा।

### 3 करोड़ के लिए मशक्कत / सांची दुग्ध संघ

के अधिकारियों ने बताया कि यह प्रोजेक्ट 21 करोड़ का है। लेकिन स्मार्ट सिटी ने 18 करोड़ का बजट ही अलॉट किया है। शेष 3 करोड़ रुपये जुटाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी मशक्कत कर रहे हैं। अधिकारी कोई अन्य विभाग से बजट अलॉट करने की जुगत लगा रहे हैं।

### मुफ्त की गैस लेने सांची ने दी जमीन

स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने सीएनजी बायो गैस प्लांट को परियट क्षेत्र में लांच किया है। क्योंकि यहां पर डेरिया ज्यादा होने की वजह से गोबर की उपलब्धता भी ज्यादा है। सांची दुग्ध संघ ने इस प्रोजेक्ट को अपनी जमीन पर लगवाने का दबाव अधिकारियों से बनवाया।

### प्रदूषित हो रहीं परियट और गौर नदी / डेरियों से निकलने

वाले गोबर से परियट व गौर नदी सहित अन्य सहयोगी नदियां प्रदूषित हो रही हैं। जिन्हें प्रदूषण मुक्त करने के लिए बायो सीएनजी प्लांट का प्रोजेक्ट लांच किया गया है। इसे स्थापित कराने में जबलपुर स्मार्ट सिटी और जबलपुर दुग्ध संघ (सांची) का प्रमुख योगदान है। दोनों साथ मिलकर परियट परिक्षेत्र में बायो सीएनजी प्लांट स्थापित करा रहे हैं। प्लांट से प्रतिदिन 150 टन गोवर का उपयोग कर 2400 किलो बायो सीएनजी गैस का उत्पादन किया जाएगा। प्लांट लगाने के लिए सांची ने एजेंसी का चयन करके ठेका कंपनी को वर्क आर्डर पहले जारी कर दिया था। लेकिन ठेका कंपनी ने जहां पर प्लांट लगाया जाना है, वहां पर 6 फीट का गड्ढा तक नहीं किया है। इसके बाद भी सांची के जिम्मेदार अधिकारी मई 2023 तक प्लांट स्थापित करने का दावा कर रहे हैं।

### उत्पन्न गैस में मीथेन गैस 96 प्रतिशत प्योरिटी इस प्लांट में गीले कचरे

में पाई गई है। इससे न केवल कैलोरीफिक (घरेलू जैविक कचरे ) को उप वैल्यू अच्छी होती है, बल्कि बायो सीएनजी चारित किया जायेगा, जिससे की इफेक्टिवनेस भी बढ़ती है। बायो सीएनजी प्लांट 100 प्रतिशत गीले वेस्ट से संचालित होगा। बायो सीएनजी प्लॉट से 2400 केजी गैस से प्रति दिन उत्पन्न होगी।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को हाईकोर्ट में चुनौती



**जबलपुर यशभारत।** शासकीय जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किये जाने पर एक याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिका पर सुनवाई करते हुये चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने गंभीर मामला मानकर राजस्व विभाग कलेक्टर व नगर निगम जबलपुर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह जनहित याचिका जबलपुर के ग्वारीघाट निवासी चमन लाल दोहरे की ओर से दायर की गई है। सुनवाई के दौरान दलीले देते हुये अधिवक्ता उत्कर्ष दोहरे ने न्यायालय को बताया कि जल स्त्रोत के लिये आरक्षित शासकीय भूमि पर बमर्षि ग्रह निर्माण समिति ने अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण करना प्रारंभ कर दिया है जिसे उन्होने अनुचित व असंवैधानिक बताते हुये अतिक्रमण हटवाये जाने की प्रार्थना की।

### हाईकोर्ट ने रिपोर्ट तलब की

## सड़क बनी नही कागजो में दर्शा दी गई

सडक का निर्माण नहीं होने पर उसे कागजो में पूर्ण निर्माण होना दर्शाकर राशि का भुगतान कर लिये जाने पर एक याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिका पर सुनवाई करते हुये चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष सरकार द्वारा पेश की गई रिपोर्ट को रिकार्ड में लेकर चार सप्ताह में अपडेट रिपोर्ट पेश करने के आदेश अनावेदको को दिये है। यह जनहित याचिका कटनी जिले की तहसील बहोरीबंद निवासी तीरथ सिंह लोधी की ओर से दायर की गई। सुनवाई के दौरान दलीले देते हुये अधिवक्ता विजय राघव सिंह ने न्यायालय को बताया कि ग्राम डिहुंटा में सडक निर्माण प्रस्तावित थी किन्तु सडक का निर्माण हुये बिना ही उसे कागजो में पूर्ण निर्माण होना दर्शाकर राशि का भुगतान कर ठेकेदार को कर दिया गया। जिसे उन्होने अनुचित बताते हुये न्यायालय से उचित राहत दिये जाने की प्रार्थना की थी।

## जिले में कमजोर पड़ी कोरोना की चौथी लहर

### 22 केन्द्रों में लगाया जा रहा बूस्टर डोज

राहत की बात यह रही की कोरोना की चौथी लहर मध्य प्रदेश में प्रभावी नहीं रही. जबलपुर में भी स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में हैं. विशेषज्ञों का कहना है यह शहरवासियों की जागरुकता एवं प्रशासन के प्रयासों का ही नतीजा है की कोरोना का बीएफ वैरीएंट जिले में जानलेवा साबित नहीं हुआ. कोरोना पर प्रभावपूर्ण लगाम के लिये प्रयास जारी है. इसी क्रम में जिला अस्पताल सहित जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र स्थित 22 स्वास्थ्य केंद्रों पर कोरोना की वैक्सीन कोवैक्सीन और कोविशील्ड की बूस्टर डोज निःशुल्क लगाई जा रही है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एस एस दाहिया ने बताया वैक्सीन की उपलब्धता को देखते हुए बूस्टर डोज लगाने का कार्य सीमित अवधि के लिये शुरू किया गया है। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने कोरोना से सुरक्षा के लिए उन सभी लोगों से बूस्टर डोज लगवाने की अपील की है जिन्होंने समय पूर्ण होने के बाद भी इसे नहीं लगवाया है।

## शिक्षकों की भर्ती मे कम्युनल आरक्षण लागू किए जाने को हाईकोर्ट चुनौती

जबलपुर यशभारत। शिक्षको की भर्ती प्रक्रिया में की जा रही अनियमिताओ के विरुद्ध आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा हाईकोर्ट मे याचिका दाखिल करके चुनौती दी है। याचिका पर सुनवाई करते हुये न्यायाधिपति शील नागू तथा न्यायमूति वीरेन्द्र सिंह की डिवीजन ने समस्त अनावेदको को नोटिस जारी किया है साथ ही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को न्यायालय द्वारा याचिका के निर्णयाधीन करने का अंतरिम आदेश पारित किया। यह याचिका भोपाल निवासी अंशुलिका वर्मा मीना लोधी सतना निवासी शिशिर कुशवाहा रीवा निवासी रामाधार भूर्तिया तथा हरदा निवासी मंजुला सहित अन्य की दायर की गई है। सुनवाई के दौरान दलीले देते हुये अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर तथा विनायक प्रसाद शाह ने न्यायालय को बताया ट्रॉयबल विभाग द्वारा आरक्षण अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानो के विरुद्ध जाकर शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 में उत्तीर्ण शिक्षक भर्ती में प्रथम चरण की काउंसलिंग में अभ्यर्थियों को अनारक्षित वर्ग से हटा कर के आरक्षित वर्ग में रिवर्स कर दिया गया जिसके कारण हजारों आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी चयन से वंचित कर दिए गए । जिसे उन्होने अनुचित बताते हुये न्यायालय से उचित राहत दिये जाने की प्रार्थना की थी।

# प्रशिक्षण के दौरान एएसआई को आया अटैक 6 वीं बटालियन के जवानों ने बचाई जान

## जीआरपी का चल रहा प्रतिक्षण, कड़ाके की ठंड में 55 वर्षीय प्रशिक्षणार्थी ले रहे भाग

जबलपुर यश भारत। कांचघर जीआरपी लाइन में उप निरीक्षक एवं सहायक निरीक्षकों का चल रहा है सात दिवसीय प्रशिक्षण में 55 वर्ष एएसआई को अटैक आ गया यह तो अच्छा हुआ कि मौके पर 6 वीं बटालियन के प्रशिक्षणार्थियों ने एएसआई को गिरते हुए देख लिया और प्राथमिक उपचार कर एंबुलेंस की मदद से पहले जबलपुर अस्पताल रवाना किया गया जहां से एएसआई को गंभीर हालत में मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनके स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है।

इस संबंध में रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एएसआई क्क्षस् 6 बटालियन ध्स्न जबलपुर मैं पदस्थ एएसआई भैयालाल एवं आरक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने जीआरपी लाइन जबलपुर में पदस्थ एएसआई कैलाश दहिया की उस समय जान बचा ली जब है प्रशिक्षण के लिए पहुंचे हुए थे और उनको इसी दौरान सीने में दर्द होने के कारण वहीं गिर पड़े को पीटीएस 6 वी बटालियन की ट्रेनिंग टीम से आदेश अनुसार एएसआई भैयालाल एवं आरक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा जीआरपी लाइन जबलपुर मैं जीआरपी अधिकारी /कर्मचारियों को योगा प्रशिक्षण देने हेतु प्रातः करीबन 6ः30 बजे जीआरपी लाइन जबलपुर ग्राउंड में पहुंच थे ग्राउंड में पहुंचने के पश्चात समय करीबन 6ः50 बजे एसपी जीआरपी कार्यालय कांच घर जबलपुर के वाहन पार्किंग स्थल पर जीआरपी लाइन जबलपुर में पदस्थ एएसआई



कैलाश दहिया अचानक एक्सरसाइज करते हुए वहीं पर गिर पड़े थे इसी बीच ग्राउंड में खड़े एएसआई भैयालाल एवं आरक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा की नजर उनकी और पड़ने पर उसकी तरफ तत्परता से दौड़कर पहुंचे देखा कि एएसआई कैलाश दहिया मूर्छित अवस्था में पड़े हुए थे एसआई भैयालाल एवं आरक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा अपनी व्यवसायिक दक्षता के साथ एसआई श्री दहिया की करीबन 10ः15 मिनट हार्ट पंपिंग की गई तत्पश्चात एएसआई श्री दहिया को होश आया जिसे तत्काल प्राइवेट वाहन से आरक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा उन्हें पहले उपचार के लिए जबलपुर अस्पताल लाया गया इसके बाद एएसआई दहिया को उपचार के लिए मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी स्थिति अब ठीक बताई जा रही है समय रहते पीटीएस जबलपुर की टीम के द्वारा यह जीवन रक्षक का सराहनीय कार्य किया है जिसकी सभी के द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई है द्य इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लालजी दुबे छठी बटालियन जबलपुर संयोग से मॉर्निंग वॉक में थे जीआरपी लाइन मंदिर में दर्शन कर रहा था इसी बीच आरक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा की आवाज सुनकर मैं तत्परता से जीआरपी लाइन ग्राउंड जबलपुर पहुंचा उनके द्वारा एएसआई दहिया की हार्ट पंपिंग की प्रक्रिया निरंतर की जा रही थी और उनकी जान बचा ली गई।

### ठंड में प्रशिक्षणार्थी हो रहे परेशान

जीआरपी लाइन कांच घर में कड़ाके की ठंड में चल रहे सात दिवसीय प्रशिक्षण में अधिकांशत प्रशिक्षणार्थी 55 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं जिनको इस कड़ाके की ठंड में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उल्लेखनीय है कि जहां एक और शीतलहर को देखते हुए कलेक्टर द्वारा स्कूल के समय में भी परिवर्तन किया गया है वहीं दूसरी ओर जीआरपी में सुबह 6.00 बजे से चल रहे प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी ठंड में काटते हुए यह सात दिवसीय प्रशिक्षण कर रहे हैं।

## शहर को बहुत जल्द मिलेगी एक और नई स्मार्ट रोड की सौगात

**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर सौरभ के. सुमन, निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार स्मार्ट सिटी के द्वारा लगातार कार्य कराये जा रहे हैं। इस विषय में स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने बताया कि जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जबलपुर शहर के मुख्य गोलबाजार एवं इसको जोड़ने वाली अन्य सड़कों का निर्माण लगभग 44 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस रोड का सर्कल एवं अन्य जो?ने वाली रो? की कुल लम्बाई 3 किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि इस कंक्रीट रोड में मुख्य रूप से अंडर ग्राउंड एलेक्ट्रिफिकेशन, फुटपाथ, स्ट्रॉम् वाटर ड्रेन, बाउंड्री वाल का निर्माण, एलईडी स्ट्रीट लाइट, डेकोरेटिव लाइट, साईनेजेस, सिटिंग एवं प्लांटेशन का कार्य किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र.//अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 3/01/2023

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक प्रसन्न कुमार जैन पिता कोमलचंद जैन निवासी 1067/ए६ के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर नंब 643 पहनं 05 स्थित भूमि खसरा नंबर में से रकबा 1000 वर्गफुट भूमि पर केवलचंद पिता मुलायम चंद की मृत्यु दिनांक 11.2.2003 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामंतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 23/1/23 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

जारी दिनांक - 03/01/2023
पेशी दिनांक - 23/1/2023

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

## दीवाने सिंगर्स, ओपेन-टू-ऑल के द्वारा 90 थीम पर कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, यशभारत।** विगत दिनों दीवाने सिंगर्स, ओपेन-टू- ऑल के द्वारा ब्लास्टिंग 90 थीम पर आधारित गीतों का एक कार्यक्रम कलाविथिका में संपन्न हुआ. इसमें कलाकारों द्वारा आके तेरी बाहों में, कहदो के तुम हो मेरी वरना, कागज कलम दवात ला, तेरी चुनरिया दिल ले गयी, साथिया तुने क्या किया, तुम तो धोखेबाज हो, कोयल सी तेरी बोली, गोहब्बत की है तुम्हारे लिए हो गया है तुझको तो प्यार सजना, वादा रहा समन आदि ऐसे ही कई गीतों से सभी कलाकारों ने मन्त्रमुगद्ध कर दिया, कार्यक्रम का संचालन इंपेक्टर भास्कर एवं आशिष गुप्ता जी ने किया। इसमें आदरणीय मंजू गोरे, रजनी चौहान, सुरभि मिश्रा, मनोज शर्मा, रिषिराज गाएकवाट का सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम में पुर्णिमा अग्रवाल, ममता भास्कर, सुरभि मिश्रा, रजनी चौहान, दामिनी पटेल, नीतू पटेल, आर. के. भास्कर, राजेश यादव, आत्मानंद श्रीवास्तव, दुर्गेश गर्ग, मनोज शर्मा, मनोज पटेल, शुभम नामदेव, मधुर परनामी, सम्मान जेकब, आशिष सोनी एवं राजेश शर्मा ने अपने गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# बरेला, गोरखपुर में दो युवकों की मौत

## टाइल्स की पेटी गिरी, फट गया सिर, दूसरे युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर, यशभारत।** थाना बरेला में एक युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक काफी दिनों से तनाव में था, तो वहीं गोरखपुर में टाइल्स सिर में गिरने के कारण युवक का सिर फट गया। जिसे आनन-फानन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर, मामले जांच में लिए है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि ग्राम महगवां डूंगा में सुसाइड कर लेने की सूचना पर पहुंची टीम को संजय पटैल 24 वर्ष निवासी महगवां डूंगा ने बताया कि वह मनेरी फैक्ट्री में काम करता है । उसके बड़े भाई ने मकान के कमरे में



रस्सी से लकड़ी की बल्ली में फंदा बनाकर राजाराम पटैल 28 वर्ष ने फांसी लगा ली है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

### टाइल्स की पेटी से युवक की मौत

वहीं थाना गोरखपुर में काम करते वक्त एक युवक के सिर में टाइल्स की पेटी गिर गयी। जिसे घायल अवस्था में मेडिकल में भर्ती किया गया, जहां युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि सतीश डे 35 वर्ष निवासी शारदा चौक गढ़ा को काम करते समय टाइल्स की पेटी ऊपर गिर जाने से आई चोटों के कारण मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी।

## 22 केंद्रों पर लगाई जा रही कोरोना की बूस्टर डोज

**जबलपुरयशभारत।** राज्य शासन द्वारा कोविशील्ड वैक्सीन उपलब्ध करा दिये जाने बाद जिला अस्पताल सहित जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र स्थित 22 स्वास्थ्य केंद्रों पर कोरोना की वैक्सीन कोवैक्सीन और कोविशील्ड की बूस्टर डोज नि:शुल्क लगाई जा रही है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एस एस दाहिया के अनुसार वैक्सीन की उपलब्धता को देखते हुए बूस्टर डोज लगाने का कार्य सीमित अवधि के लिये शुरू किया गया है। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने कोरोना से सुरक्षा के लिए उन सभी लोगों से बूस्टर डोज लगवाने की अपील की है जिन्होंने समय पूर्ण होने के बाद भी इसे नहीं लगवाया है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.**

निविदा सूचना क्र./उ वि./2022-23/पीआरओ-674 दिनांक : 19.01.2023

**संशोधन सूचना**

नगर निगम उद्यान विभाग अंतर्गत NIT No. : JMC/Garden/2022/Pro/662 Date 16/01/2023 को दैनिक अखबारों में प्रकाशित किया गया था। अतः उक्त प्रकाशन (विज्ञप्ति) को द्वितीय निविदा के स्थान पर तृतीय निविदा माना जावे/ पढ़ा जावे। इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण Website http://www.mptenders. gov.in में देख सकते हैं ।

कार्यपालन यंत्री, उद्यान विभाग नगर पालिक निगम, जबलपुर

# आनंदउत्सव से हो रहा है आनंद का संचार

**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर सौरभ सुमन के निर्देशन में पनागर विकासखंड की ग्राम पंचायत इमलिया टिकारी में आनंद उत्सव कार्यक्रम मनाया गयाएजिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल सहकारिता बैंक के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सरपंच सुशील सिंह इमलिया टिकारी की सरपंच राधा राहुल सिंहएलखनाएमदना निरेंद्रपुरएकालाडूमर के सरपंच भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सचिव सोनेलाल पटेल ने सभी अतिथि जनों का शॉल और श्रीफल देकर स्वागत किया।जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा की गांव में खेलों एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना जागृत होती है व मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्त होते हैं।आनंद विभाग के द्वारा इस तरह के आयोजन गांव शहर में हर माह कराया जाना चाहिए।कार्यक्रम समन्वयक दीप्ति ठाकुर ने कहा कि यह एक प्रतियोगिता नहीं सहभागिता है एवं समाज रूपी परिवार में एक दूसरे को समझने का कार्यक्रम हैएपारंपरिक खेलों को खेल कर हम अपनी जिंदगी जीने का तरीका सीखते हैं एवं जीवन को तनाव मुक्त करते हैं।जिंदगी में आने वाली परेशानियों हल्का करने का साधन हैं आनंद उत्सव। सरपंच राधा सिंह ने कहा कि जिंदगी के सारे तनाव आज खेल खेल कर कम हो रहे हैं। एहसास हुआ कि छोटी.छोटी खुशियों से भी आनंद प्राप्त किया जा सकता है।आनंद विभाग ने एक और परिवार दियाएउसके लिए सरपंच ने कलेक्टर को धन्यवाद दिया और कहा कि हर वर्ष ऐसा आयोजन होता रहे ताकि लोग जिंदगी जीने का तरीका समझ सके। कार्यक्रम में लक्ष्मण दास तिवारीएबलराम दुबेए ने ग्रामीण जनों की महिला पुरुष कुर्सी दौड़ कबड्डी रेस व रस्साकशी प्रतियोगिता मैं भाग लिया।इंदर सिंह राजपूत ने आनंद उत्सव पर स्वरचित कविता सुनकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म.प्र.)**

प्रकाशन क्र. 53/2022-23

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

13.01.2023

म. प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | निविदा सूचना क्र./ दिनांक | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.) | ऑन लाइन निविदा कय/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 161/ 12.01.2023 | 2022_PHED_ 244370_1 | 20 No. of Drilling Of 200/150 mm Dia and 120 Mtr Deep Ordinary T.W. in Villages Of block Chawarpatha District NARSINGHPUR (Fourth Call) (4th Call) | 16.80 | 33600.00 | 2000.00 | 27.01.2023 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 162/ 12.01.2023 | 2022_PHED_ 244372_1 | 20 No. of Drilling Of 200/150 mm Dia and 120 Mtr Deep Ordinary T.W. in Villages Of block Chawarpatha District NARSINGHPUR (Fourth Call)(4th Call ) | 16.80 | 33600.00 | 2000.00 | 27.01.2023 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

G-21845

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,खण्ड-नरसिंहपुर

# मध्य प्रदेश के 19 नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण मतदान जारी

# 23 जनवरी को आएंगे परिणाम

**भोपाल, यशभारत। प्रदेश के 19 नगरीय निकायों में आज चुनाव हो रहे हैं। सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। पांच लाख सात हजार 308 मतदाता 720 केंद्रों पर शाम पांच बजे तक अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतगणना और परिणाम की घोषणा 23 जनवरी को होगी।**



मतदान गुना जिले की नगर पालिका राघौगढ़-विजयपुर, बड़वानी जिले की ब?वानी, सेंधवा, खेतिया, पानसेमल, पलसूद, राजपुर, अंजड़, धार जिले की धार, मनावर एवं पीथमपुर, अनूपपुर जिले की जैतहरी, खंडवा जिले की ओंकारेश्वर, धार जिले नगर परिषद धरमपुरी, धामनोद, कुक्षी, राजगढ़, सरदारपुर और डही में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से कराया जा रहा है। सभी जगहों पर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। अब तक किसी भी मतदान केंद्र पर किसी तरह की अप्रिय घटना की खबर नहीं है। सुबह ठंड की वजह से मतदान धीमी गति से चल रहा है।

खंडवा जिले के अंतर्गत नगर परिषद ओमकारेश्वर में नगर सरकार चुनने के लिए चल रहे मतदान की गति दिन चढ़ने के साथ धीरे-धीरे तेज हो रही है ।पहले दो घंटे में यहां करीब 12 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। तीर्थ नगरी में मतदान के लिए आम लोगों के साथ ही पंडित और पुजारी भी मतदान करने उत्साह से पहुंच रहे हैं। करीब 9 हजार मतदाताओं के लिए यहां पर 16 मतदान केंद्र बनाए गए हैं । एसडीएम पुनासा सीएस सोलंकी ने बताया कि मतदान के लिए संबंधित केंद्रों पर मतदाता पहुंच रहे हैं। ठंड की वजह से सुबह मतदान की गति कुछ धीमी है। सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। सुरक्षा के लिए आवश्यक पुलिस बल तैनात किया गया है।

### बड़वानी में शांतिपूर्ण मतदान जारी

जिले की सात नगरीय निकायों में शुक्रवार को मतदान की शुरुआत हुई। सुबह छह से सात बजे के मध्य पोलिंग बूथों पर माकड्रिल की गई। सर्द हवा के बीच सुबह मतदान की शुरुआत पर भी ठंड का असर दिखाई दिया। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कमी दिखी। हालांकि सुबह 8 बजे बाद मतदान में कुछ तेजी आई।

### मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों ने किया प्रचार

विधानसभा चुनाव से पहले आदिवासी बहुल जिलों में हो रहे इन चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर मंत्रियों ने प्रचार किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और संगठन पदाधिकारियों ने सभा व कार्यकर्ता सम्मेलन किए। प्रदेश कांग्रेस ने निकाय चुनाव की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रभारियों और स्थानीय नेताओं को सौंपी है।

## बीवी ने साथ रखने को कहा तो शौहर ने मारपीट कर बोला तीन बार तलाक

**भोपाल यशभारत।** गौतम नगर पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर उसके शौहर के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 28 वर्षीय महिला का चार साल पहले जहांगीराबाद निवासी फाजिल नाम के युवक से हुआ था। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। इसके बाद अगस्त 2022 में दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया। शादी के बाद फाजिल ने पत्नी से बोला कि जब तक उसके परिवार वाले राजी नहीं होते हैं,तब तक तुम अपने घर में ही रहो।




साथ ही उसने जल्द ही परिवार के लोगों को मना लेने की बात भी कही। समय बीतने पर 25 अक्टूबर को महिला और उससे स्वजन ने फाजिल को बातचीत करने के लिए अपने घर बुलाया। तब महिला ने फाजिल से उसे साथ घर लेकर चलने को कहा। इस पर फाजिल ने विवाद करते हुए पत्नी से मारपीट कर दी। साथ ही तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता समाप्त होने की बात कहकर चला गया। महिला और उसके परिवार के लोगों ने फाजिल को काफी समझाने की कोशिश, लेकिन वह नहीं माना। परेशान होकर महिला ने मामले की शिकायत थाने में कर दी। पुलिस ने फाजिल के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## इंटरनेट मीडिया पर की दोस्ती शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**भोपाल, यशभारत। राजधानी के ऐशबाग इलाके में एक 23 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम फेसबुक के जरिए उससे दोस्ती की और बाद में दोनों में प्रेमप्रसंग हो गया। दोनों के स्वजनों तक शादी की बाद भी पहुंची।**




इसके बाद एक दिन आरोपित ने युवती को बहाने से अपने कमरे पर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वह बाद में भी उसका शारीरिक शोषण करता रहा। आरोपित ने बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। इस पर युवती ने आरोपित के खिलाफ ऐशबाग थाने में दुष्कर्म की धाराओं में प्राथमिकी करा दी। अब पुलिस आरोपित की तलाश में लगी है। ऐशबाग थाना पुलिस के मुताबिक युवती ने शिकायत दर्ज कराई है। उसमें उसने बताया कि जनवरी 2022 में बाग दिलकुशा ऐशबाग निवासी शाहिद खान ने उससे फेसबुक पर दोस्ती की थी। आरोपित युवक घोड़ा नक्कास पर एक मोबाइल शाप में काम करता था। एक दिन युवक ने उ?सके सामने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे उसने स्वीकार कर लिया। इसके बाद युवक के स्वजन युवती के घर शादी का रिश्ता लेकर भी आए। अभी दोनों परिवारों में शादी की चर्चा चल ही रही थी, इसी बीच अगस्त 2022 को आरोपित युवक बाग दिलकुशा स्थित अपने किराए के कमरे पर युवती को लेकर पहुंचा। जहां पर आरोपित ने उ?सके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद दिसंबर 2022 में दोबारा दुष्कर्म किया। उसके बाद आरोपित ने युवती से शादी करने से इंकार कर दिया। अब पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

## कांग्रेस का संगठन विस्तार पर जोर

भोपाल यशभारत ।कांग्रेस के 41 प्रकोष्ठ और 14 विभागों की बड़ी बैठक पीसीसी में हुई। इसमें पदाधिकारियों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के सामने कहा कि पार्टी के विधायक सहयोग नहीं कर रहे। इस पर नाथ ने संगठन प्रभारी से सभी विधायकों को पत्र लिखने को कहा ।साथ ही पदाधिकारियों से बोले कि विधायक से खुद मिलो। अपने आप पहचानने लगेंगे। नाथ ने यह भी कहा कि कई प्रकोष्ठ और विभागों ने जिला और ब्लॉक स्तर पर नियुक्तियां नहीं की हैं। यह जल्द से जल्द करें। अन्यथा संगठन के विस्तार की अवधारणा बेकार हो जाएगी। बैठक से पहले नाथ ने मीडिया से बातचीत में भाजपा सरकार की विकास यात्रा पर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार को 18 साल के कामों का हिसाब देना चाहिए ।कमलनाथ ने कहा, भाजपा की पूरी विकास यात्रा जिला प्रशासन के भरोसे है। वे ही बस लाएंगे और भीड़ जुटाएंगे। जनता भाजपा के फॉड को समझ रही है। कुश्ती खिलाड़ियों के साथ यौन शोषण की घटना पर उन्होंने कहा कि इस पर गंभीरता से जांच कराई जाए और कार्रवाई हो। संगठन में बदलाव पर उन्होंने कहा कि जिले में पार्टी के डीआरओ गए थे। उनकी रिपोर्ट आ गई है। जल्द इस मामले में निर्णय होंगे।

## भाजपा का दावा, मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सीटें जीतेंगे

**भोपाल यशभारत। वर्ष 2018 में भाजपा ने नारा दिया था, अब की बार दो सौ पार, इस बार फिर भाजपा का दावा है कि वह 200 से ज्यादा सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। मध्य प्रदेश विधानसभा में 230 सीटें हैं। पिछले चुनाव में पार्टी 109 सीट तक ही पहुंच पाई थी। इधर, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने दावा किया कि मध्य प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में गुजरात जैसी आंधी चलेगी।**



2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में जीत का इतिहास बनेगा और हम 200 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेंगे। शर्मा ने गुरुवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि हमारा नेतृत्व, हमारी केंद्र और राज्य सरकारों की गरीब कल्याण की योजनाएं और हमारा संगठन तंत्र हमारी ताकत है। इन्हीं के बल पर मप्र में फिर सरकार बनाएंगे।फिल्म पठान पर हो रहे विवाद पर शर्मा बोले कि हम सकारात्मक राजनीति करेंगे। जिनके पास जो काम है, वह करेगा। सेंसर बोर्ड से लेकर समाज में, सरकार में सिस्टम बने हुए हैं, इन चीजों को देखने के लिए वो अपना काम करेंगे। मेरी जिम्मेदारी है अपने मध्य प्रदेश बीजेपी के संगठनों के काम की चिंता करूं।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक 24 जनवरी को

उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक है। 26 जनवरी को सभी जिलों में तथा 27 जनवरी को सभी मंडलों में कार्यसमिति की बैठकें होंगी। 28 जनवरी को शक्ति केंद्र स्तर पर बैठकें आयोजित होंगी और 29 जनवरी को सभी 64100 बूथों पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना जाएगा। पांच फरवरी को संत रविदास जयंती है और पांच से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में विकास यात्राएं निकालेगी। विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाली इन यात्राओं में प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक और पार्टी के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। 11 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई जाएगी। 14 अप्रैल को डा. अंबेडकर जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। श्री शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश बूथों के डिजिटाइजेशन के अभियान में देश में शीर्ष पर रहा है, अब बूथों को और भी अधिक सशक्त बनाया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में भी शानदार सफलता हासिल की जाएगी। 51 प्रतिशत वोट हासिल करने के लक्ष्य के साथ प्रत्येक बूथ, बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और पन्ना समिति को और सुदृढ़ बनाया जाएगा।

## एयर इंडिया की दोपहर की दिल्ली उड़ान संख्या एआई 433 को 23 जनवरी तक निरस्त

**भोपाल, ईएमएस।** देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर आयोजित एयर शो के कारण सुबह 10.20 बजे से दोपहर 12.45 तक वायुसेना के विमानों की रिहर्सल की जा रही है, इस कारण हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। एयर इंडिया ने अपनी दोपहर की दिल्ली उड़ान संख्या एआइ 433 को 23 जनवरी तक निरस्त कर दिया गया है। यह उड़ान दिल्ली से सुबह 11.20 बजे टेकआफ होकर दोपहर 12.40 बजे भोपाल पहुंचती है तथा दोपहर 1.15 बजे वापस दिल्ली रवाना होती है। यह उड़ान 24 जनवरी को दिल्ली से सुबह 9.25 बजे टेकआफ होकर सुबह 10.25 बजे भोपाल पहुंचेगी। 25 जनवरी को उड़ान फिर निरस्त रहेगी। 26 जनवरी से इसका संचालन पहले की तरह होगा। एयर इंडिया ने अपनी सुबह की मुंबई उड़ान के समय में भी बदलाव किया है। नया शेड्यूल 27 जनवरी से लागू होगा। वर्तमान में उड़ान संख्या एआइ 633 सुबह 7.15 बजे भोपाल पहुंचती है।



मुंबई उड़ान संख्या एआई 633/634 का 27 जनवरी से प्रभावी शेड्यूल

मुंबई से प्रस्थान - सुबह 10.30 बजे

भोपाल आगमन - दोपहर 12.00 बजे

भोपाल से प्रस्थान - दोपहर 12.35 बजे

## प्रदेश सरकार दो माह में 20 हजार बुजुर्गों को कराएगी तीर्थयात्रा

### 21 जनवरी को जाएगी पहली ट्रेन

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश सरकार दो महीने में 20 हजार बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराएंगे। शनिवार को पहली ट्रेन रवाना होगी। इसके बाद 29 मार्च तक 20 ट्रेनें रामेश्वरम, द्वारका, कामाख्या, शिर्डी, पुरी, अयोध्या, काशी (वाराणसी) पुरी जाएगी।धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि 21 जनवरी से 29 मार्च तक 20 ट्रेन 20 हजार बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराएगी। इसमें इंदौर, बड़वानी, शाजापुर से पहली ट्रेन 21 जनवरी को रामेश्वरम जाएगी। इसके बाद रीवा, सतना, पन्ना, नरसिंहपुर जिलों से- द्वारका, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल से रामेश्वरम, अनुपपूर, शहडोल, उमरिया से कामाख्या, छतरपुर, टीकमगढ़, विदिशा से शिर्डी, इंदौर, धार, सीहोर से पुरी, सिंगरौली, सीधी, कटनी, दमोह से पुरी, बैतूल नर्मदापुरम, भोपाल से अयोध्या, बालाघाट, सिवनी, मंडला, जबलपुर से काशी (वाराणसी), भिंड, ग्वालियर, दतिया से पुरी, इंदौर, बड़वानी, सीहोर से काशी (वाराणसी), राजगढ़, शाजापुर, आगर-मालवा, भोपाल से पुरी, मुरैना, दतिया, भोपाल से से रामेश्वर, खंडवा, खरगौन, हरदा, सीहोर से अध्याध्या, सिंगरौली सीधी, कटनी, जबलपुर से द्वारका, खंडवा, रायसेन, भोपाल से कामाख्या, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर से काशी(वाराणसी), छतरपुर, टीकमगढ़, विदिशा से द्वारका, नीमच, रतलाम, झाबुआ से रामेश्वर और शिवपुरी, गुना, शाजापुर, आगर-मालवा से 29 मार्च को ट्रेन पुरी जाएगी।




## चार लाख का झांसा देकर महिला का एक लाख का सोना ले उड़े

**भोपाल यशभारत।** शहर की बुजुर्ग महिलाएं ठगों के निशाने पर हैं। 15 दिन में बातों में उलझाकर महिलाओं से धोखाधड़ी कर सोना लेकर चंपत होने की छह वारदातें हो चुकी हैं। इसी क्रम में गुरुवार सुबह हनुमानगंज थाना इलाके में दो युवक एक महिला को चार लाख रुपये देने का झांसा देकर उसका एक लाख रुपये कीमत का सोना लेकर चंपत हो गए। महिला ने जब रूमाल में बंधे कथित चार लाख रुपये खोले तो गड्डी कोरे कागज की निकली। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है। हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक 70 वर्षीय सरजू बाई छोला मंदिर इलाके की प्रेम नगर कालोनी में परिवार के साथ रहती है। वह जुमेराती ने बीनू सेठ की दुकान पर सुपारी काटने का काम करती है। सरजू बाई ने पुलिस को बताया कि रोजाना की तरह गुरुवार सुबह 11-15 बजे दुकान पर पहुंची थी। तब दुकान नहीं खुली थी। वह दुकान के पास बैठकर दुकान खुलने का इंतजार करने लगी। इसी दौरान दो दुबले-पतले युवक सरजूबाई के पास पहुंचे। उन्होंने सरजूबाई को रुमाल की पोटली दिखाते हुए बोला कि इसमें चार लाख रुपये रखे हैं। यदि आप अपना मंगलसूत्र, टाप्स और पायल हमें दे दो, तो हम चार लाख रुपये दे देंगे। लालच में आकर सरजूबाई ने अपने जेवर देकर रुमाल की पोटली ले ली। जेवर लेकर दोनों युवक वहां से गायब हो गए। उनके वहां से जाते ही सरजूबाई ने रुमाल खोला।




## उमा भारती ने अब मध्य प्रदेश में अवैध उत्खनन पर साधा निशाना

**ट्वीट कर कहा, घड़ियाल के क्षेत्र में भी हो रहा खनन, सीएम शिवराज से करुंगी बात।**

**भोपाल, यशभारत।** नशामुक्ति के मुद्दे पर राज्य सरकार पर सवाल खड़ा कर चुकीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अब अवैध उत्खनन पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को एक के बाद एक चार ट्वीट कर बताया है कि मुरैना जिले के अजनोद गांव में अवैध उत्खनन हो रहा है। जहां से रेत निकाली जा रही है वह क्षेत्र घ?ियालों के लिए आरक्षित किया गया है। इस मुद्दे पर वे शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात करेंगी। उमा ने ट्वीट कर बताया कि वे एक कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली से धौलपुर गई थीं। वहां से मुरैना के अजनोद गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में जा रही थीं। तब गांव के नजदीक उत्खनन होते देखा। पहले लगा यह वैध होगा, पर पूछने पर पता चला कि अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह भयानक और शासन के लिए चुनौती है। ऐसा किसी भी शासन के होते हुए नहीं होना चाहिए। ऐसी घटनाओं से कोई भी शासन का अस्तित्व स्वीकार नहीं करेगा। मैं कल (शुक्रवार) मुख्यमंत्री से इस विषय पर बात करूंगी और इस पर तुरंत रोक लगाने के लिए कहूंगी। यह अराजकता है। इस पर कठोरता से रोक लगाई जानी चाहिए।




## तेज रफ्तार कार मकान की बाउंड्रीवाल से टकराकर पलटी, युवती की मौत

**भोपाल, यशभारत।** हबीबगंज इलाके में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे एक तेज रफ्तार कार ने रविशंकर नगर में एक मकान की बाउंड्रीवाल में टक्कर मार दी, इससे कार पलट गई।हादसे में कार में सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक को गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी दो लोग हादसे के बाद भाग गए। घटना के बाद पूरे मामले को पुलिस को दबाने में लगी रही, मामले की जानकारी जब पुलिस उपायुक्त को लगी , तब जाकर मामला सामने आया है। हबीबगंज थाना पुलिस के मुताबिक मूलतः सतना निवासी 25 वर्षीय पारूल वर्मा कोलार के स्वास्तिक अपार्टमेंट किराए से रहती थी और एमपीनगर के एक निजी बैंक की ऋण शाखा में काम करती थी। बुधवार रात में वह सजल जैन और अन्य दो साथियों के साथ रानी कमलापति स्टेशन गई थी, जहां से करीब तीन बजे यह चारों लोग पारूल वर्मा को उसके घर छोड़ने के लिए कार से कोलार जा रहे थे। उसके लिए यह लोग सुभाष स्कूल से निकले और बिठठ्न मार्केट के रविशंकर नगर के पास पहुंचे तो उनकी कार अनियंत्रित हो गई और जाकर एक मकान की बाउंड्रीवाल से टकराने के बाद कार पलट गई। हादसे में कार में सवार पारुल की सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।




हादसे में कार में सवार चार लोगों में पारुल वर्मा की मौके पर मौत हो गई और कार मालिक सजल जैन को गंभीर चोट लगी थी। उसके बाद कार में सवार बाकी दो लोग युवती की मौत के बाद तत्काल भाग गए। राहगीरों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। बाद में एंबुलेंस को दो को हमीदिया भिजवाया। जहां पारुल को मृत घोषित किया गया और सजल जैन का इलाज चल रहा है।

## सुकरी में मंडलम सेक्टर, बूथ व पन्ना प्रभारियों का प्रशिक्षण शिविर व सम्मान समारोह

# वर्तमान सरकार जन विरोधी :विधायक संजय यादव

**बरगी यशभारत। ग्राम सुकरी में मंडलम सेक्टर, बूथ व पन्ना प्रभारियों के प्रशिक्षण शिविर व कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह विधायक संजय यादव के संयोजन में सम्पन्न हुआ।**



कार्यक्रम की शुरूआत विधायक संजय यादव, महंत दयानंद गिरी, जिला सदस्य मुन्नी बाई, आशा मुकेश गोंटिया, रमेश चौकसे जनपद सदस्य ,शिव प्रसाद,हेतराम ,संगीता भूमिया,द्रोपती नारायण केवट, पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष कमला पटेल बबलू राजपूत शैलेश जैसवाल आराधना शर्मा , की उपस्थिति में ध्वजारोहण व राष्ट्रगान हुआ , ,तत पश्चात, वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष मिश्रा ने उपस्थित जनों को मार्गदर्शन दिया, किसान आज कितना दुखी है उसे किन किन सम्स्याओ का सामना आज कृषि कार्य मे करना पड़ रहा है उसकी जानकारी उन्नत कृषक व वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश चौकसे ने बताया , वही विधायक संजय यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को बताया कि वर्तमान सरकार जन विरोधी सरकार है जो गरीबों ,आदिवासियों व किसानों कब विरुद्ध कार्य कर रही है कांग्रेस का विधायक होने के कारण मेरे कामो को रोका जा रहा है ।इसके साथ साथ उन्होंने उपस्थित जनों को मंडलम, सेक्टर, व बूथ स्तर की जानकारी प्रदान की , आज के इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पधारे ओमकार मरकाम नेकहा की आदिवासी समाज के लोगो ने हमेशा से कांग्रेस का साथ दिया है और यदि आदिवासी समाज के लोगो के उत्थान के बारे में किसी ने सोचा है तो वह केवल कांग्रेस पार्टी है बाकी के राजनीतिक दल केवल समाज के लोगो को बरगला कर वोट बैंक की राजनीति कर रहे हमे उनसे सजग रहने की आवश्यकता है ,। वही युवाओ का नेतृत्व करने वाले जिला युवक कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष पारस जैन ने अपने ओजस्वी उदभोदन से कार्यकर्ताओ में नई ऊर्जा भर दी।



### वरिष्ठ जनों का किया सम्मान

आज के इस कार्यक्रम के द्वितीय चरण में एक नई परिपाटी प्रारम्भ करते हुए विधायक संजय यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ जनों का शाल व श्रीफल से कर आशीर्वाद प्राप्त किया वही कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया । आज कार्यक्रम में सुखलाल यादव वीरसिंह राजपूत युवराम पटेल, किशोरी मरकाम, कुँवर पटेल, करो?ी पटेल, हर्ष जैसवाल,गोविंद पटेल, अभिषेक राजपूत, कलाम खान , हेट पहलवान टिंकू राजपुत प्रकाश थापा , हिम्मत झरिया, नान्हू रजक, शीतल गिरी सुरेश साहू आदि जन प्रमुख रूप से उपशित रहे ।कार्यक्रम में अंत मे बबुआ शुक्ला ने आज के में उपस्थित हुए कार्यकर्ताओ का आभार प्रदर्शन किया , वही कार्यक्रम का संचालन विकास खन्ना ने किया ।

### पानी की समस्या का मोके पर किया निदान

आज के इस चलते हुए कार्यक्रम में मोके पर ही ग्राम सुकरी के लाइन मोहल्ला के निवासी पानी की समस्या लेकर विधायक जी के पास पहुंचे जिसका तत्काल समाधान मोके पर ही सचिव को बुलाकर 2 दिन के अंदर निराकरण करने का आश्वासन दिया ।



# जिंदगी जिन्दाबाद का शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर, ,यशभारत।** मझौली में मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल एवं जिला क्षय एवं एड्स नियंत्रण अधिकारी जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में जबलपुर जिले में लोककला के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसमें लोक कला दल भारतीय कला संगम जबलपुर के लोक कलाकारों द्वारा लोकनाट्य च्चजिंदगी जिन्दाबादज्ज का प्रदर्शन किया गयाऔरएच. आई. वी. एड्स की जानकारी दी गई। एच. आई. वी. एड्स क्या है कैसे फैलता है। इससे कैसे बचा जाये। यदि एच. आई. वी. एड्स हो जाये तो क्या करना चाहिये। ये सारी बातें नाटक के माध्यम से आम जनता को बताई जा रही है। एच. आई. वी. एड्स चार कारणों से फैलाता है एवं इसके बचने के भी चार उपाय है। आई.सी. टी.सी. केन्द्र में जाकर कोई व्यक्ति अपनी जाँच करा सकता है एवं परामर्श ले सकता है। सारी जानकारी गुप्त रखी जाती है। वो मरीज के अलावा किसी को नहीं बताई जाती। टोल फ्री नं. 1097 के माध्यम से आप घर बैठे एच. आई. वी. एड्स की जानकारी ले सकते है। जानकारी ही बचाव है, यौन रोगी एवं टी.बी. के मरीजों को अपनी एच. आई. वी. एड्स की जांच जाकर करानी चाहिए। क्योंकि इन रोगियों को एच. आई. वी. होने का खतरा सामान्य लोगों से ज्यादा होता है। ये कार्यक्रम जिला क्षय एवं एड्स नियंत्रण अधिकारी श्री डॉ. धीरज दावन्डे के मार्गदर्शन में चलाया गया और नोक नाट्य आर.के. जायसवाल के निर्देश में किया गया है। ये कार्यक्रम निम्न ग्रामों, कुण्डम, भौंगा देवरी, तिलसानी, पड़रिया, सिहोरा, मझगवाँ, गोसलपुर, बुढ़ाकर, पनागर, कुशनेर, छतरपुर, निभोरा, मझौली, इन्दाना, लमकना, दर्शनी, बरगी, जोतपुर में प्रस्तुत किये जायेंगे।

# मां नर्मदा कलश एवम चुनरी यात्रा के संदर्भ में हुई बैठक



**गाडरवारा(यशभारत)।** मां नर्मदा जयंती उत्सव की तैयारियो के संबंध में आवश्यक बैठक नरसिंह वार्ड स्थित शंकर मंदिर में संपन्न हुई। 26 जनवरी 2023 गुरुवार को दोपहर 2 बजे से मां नर्मदा कलश एवम चुनरी मनोरथ यात्रा एवं 28 जनवरी ककरा घाट में आयोजित होने वालें विशाल भंडारा में व्यवस्थाओं के संबंध में व्यापक चर्चा हुई। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ,वरिष्ठ पार्षद जिनेश जैन,आनंद दुबे , उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश राय , चंचल कोरी , रामेश्वर धानक,सुनील ठाकुर, शरद मोलासरिया नर्मदा समिति से ओपी कनकने,अवधेश रूसिया,राव संदीप सिंह,आशीष राय, हरिशंकर कुशवाहा, मोनू बरहैया,अभिषेक सराठे, अनिक जैन,बिंदा छीपा, शिवम बरहैया,राजू विश्नोई,अभय पांडे सोनू , गणेश कहार,धनसिंह कहार सहित समिति के अनेक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।



# ओलंपियाड प्रतियोगिता की परीक्षा संपन्न

**गाडरवारा (यशभारत)** विगत दिवस राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेश अनुसार मध्यप्रदेश में ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा 19 जनवरी को सभी केंद्रों में रखी गई जिसके तहत जन शिक्षा केंद्र बनवारी में जन शिक्षा केंद्र प्रभारी आनंद चौक से एवं सहायक प्रभारी उमाकांत पचौरी के सानिध्य में परीक्षा संपन्न हुई जिसमें सभी 138 बच्चे उपस्थित रहे इस मौके पर जन शिक्षक बनवारीलाल नागवंशी एवं जिला द्वारा नियुक्त विशेष पर्यवेक्षक रामकिशन अहिरवार जन शिक्षक पूरे समय उपस्थित रहे इस परीक्षा में शिक्षकों की परीक्षा केंद्र पर पर्यवेक्षक के रुप में ड्यूटी लगाई गई जिसमें प्रमुख रुप से सुरेंद्र पटेल ,सिराज अहमद सिद्दीकी, प्रशांत पटेल ,नारायण द्विवेदी, अनिरुद्ध अवस्थी, आभा राय, सीना ढिमोले अवधेश पटेल आदि प्रमुख रहे ।

# जिला न्यायाधीश ने मशाल हाथ मे थामकर बच्चों को प्रेरित करने लगाई दौड़

**पाटन , यशभारत।** नगर से तान्या कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल पाटन में वार्षिक खेल उत्सव का आज समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि माननीय जिला न्यायधीश विवेक कुमार ने सरस्वती पूजन मशाल दौड़ के साथ की जिला न्यायाधीश ने खेलों के प्रति अपनी रुचि दिखाते हुए अपने हाथ में मशाल थामकर पूरे मैदान में दौड़ लगाई और खिलाड़ियों तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया दल नायकों को ध्वज प्रदान कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आकर्षण की बात यह रही के कबड्डी के मैदान में स्वयं जिला न्यायाधीश ने भी कबड्डी के खिलाड़ी के तौर पर भागीदारी की इनके उत्साह को देखते हुए संस्था प्राचार्य सी एस ठाकुर एवं उप प्राचार्य सुजीत सिंह ने भी साथ दिया। खेलों के विषय में बताते हुए जिला न्यायधीश ने बच्चों का मार्गदर्शन किया एवं निरंतरता धनिष्ठा तथा लगन को सफलता की सीढ़ियां बताते हुए खेलों के महत्व का प्रतिपादन किया। विभिन्न प्रकार के खेलों का फाइनल आयोजन होने के बाद द्वितीय सत्र में नगर के एवं पाटन ग्रामीण के जनप्रतिनिधियों तथा सुधि जनों द्वारा बच्चों को विभिन्न स्तर के पुरस्कारों का वितरण किया गया। कार्यक्रम नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ,राकेश सिंह ,एड देवेंद्र यादव,पूर्व मंडी उपाध्यक्ष गुलजार सिंह,उपाध्यक्ष देव कुमार यादव जनपद सदस्य संजय सिंह,तथा पार्षद गण गजेंद्र सिंह ठाकुर ,जितेंद्र सिंह,महेन्द्र सिंह,एड राघवेंद्र सिंह यादव,कैलाश पाठक,दीपक जैन ,आदित्य नामदेव, सत्यम मेहरा प्रदीप पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संस्था प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ किया। कार्यक्रम में संस्था के उपप्राचार्य सुजीत सिंह,सांसद प्रतिनिधि विवेक बबेले,खेल उत्सव प्रभारी आरती ठाकुर,शिक्षक प्रताप नामदेव बृजेश विश्वकर्मा, अनिल पटेल ,नीरज पटेल, हेमंत शर्मा ,जसपाल सिंह ,कमलेश नामदेव ,इम्तियाज खान ,अश्वनी दुबे ,अंशुल दुबे अनुज ठाकुर, धनंजय प्यासी ,मनीषा ठाकुर ,प्रिया तिवारी ,राजश्री चोटले, वर्षा नामदेव, रश्मि विश्वकर्मा ,भावना सेन ,निहारिका विश्वकर्मा, सहित समस्त शाला परिवार का योगदान रहा।



**वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिताओं के समापन पर नन्हे मुन्ने बच्चे पुरुस्कार पाकर झूम उठे**

# साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन जालना-छपरा की संचालन अवधि विस्तारित

**जबलपुर यशभारत।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा गा?ी संख्या 07651/07652 जालना-छपरा-जालना एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि को ब?ाने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल रेलगा?ी के विस्तारित होने पर *पमरे के हरदा, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशन के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा विस्तारित अवधि में यह स्पेशल ट्रेन परिवर्तित कोच कम्पोजिशन के साथ चलेगी। पमरे मुख्यालय प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि जालना से प्रत्येक बुधवार को प्रस्थान कर छपरा जाने वाली गा?ी संख्या 07651 जालना-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 01 मार्च 2023 तक तथा छपरा से प्रत्येक शुक्रवार को प्रस्थान कर जालना जाने वाली गा?ी संख्या 07652 छपरा-जालना साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 03 मार्च 2023 तक चलती रहेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व गा?ी संख्या 07651 जालना-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि दिनांक 01 फरवरी 2023 तक तथा गा?ी संख्या 07652 छपरा-जालना साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि दिनांक 03 फरवरी 2023 तक ब?ाने का निर्णय लिया गया था।कोच कंपोजीशन- इस गा?ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 10 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल 23 कोच रहेंगे।

# आनन्द उत्सव मनाया गया

**गोटेगांव, यशभारत।** हमारे भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा समूचे भारतवर्ष में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय विद्यालयों में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्र छात्राओं को तरह-तरह की खेल खिलाकर कर उन्हें पुरस्कृत किया जा रहा है इसी के अंतर्गत नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव विकासखंड के बगासपुर संकुल स्कूल में ग्राम बगासपुर गोटेगांव खेड़ा चंदलोन के विद्यार्थी शामिल हुए इस मौके पर सरपंच संघ अध्यक्ष देवदत्त पचौरी बगासपुर सरपंच सुधीर मालगुजार गोटेगांव खेड़ा सरपंच प्रियंका खेमरिया स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्राम पंचायत सचिव एवं सह सचिव एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा जबलपुर के पथ विक्रेताओं का किया भव्य स्वागत

**जबलपुर,यशभारत।** म.प्र. पथ विक्रेता एकता संघ जबलपुर संबद्ध नासवी के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी द्वारा दिल्ली में आयोजित 12 वें राष्ट्रीय स्ट्रीट फूड फेस्टिवल 2023 का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी जी के द्वारा दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में किया गया उक्त तीन दिवसीय कार्यक्रम 13, 14, 15 जनवरी 2023 के दौरान भारत देश से आये 28 प्रदेशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया इस महोत्सव में 500 तरह के व्यंजन 28 राज्यों से प्रतिनिधित्व कर रहे 300 स्ट्रीट फूड बेण्डरों ने 15000 विजिटर्स का मन मोह लिया जिसमें म.प्र. राज्य की ओर से संस्कारधानी जबलपुर के पथ विक्रेताओं ने भाग लिया और संस्कारधानी जबलपुर के फुटपाथ में प्रसिद्ध बिकने वाले व्यजन पकवान, मिष्ठान के 4 स्टॉल लगाये गये। जिसमें समोसा, भाजी बड़ा चाट-फुल्की दबेली. रसगुल्ला का दिल्ली वालो ने जायका लिया और उन्होंने संस्कारधानी के पकवानों का स्वाद लेकर सबका मनमोह लिया केन्द्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पूरी जी को जबलपुर के पथ विक्रेताओं ने मिलकर मां नर्मदा, भेड़ाघाट की स्मृति चिन्ह भेंट की गई केन्द्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पूरी जी ने सभी पथ विक्रेताओं का स्वागत किया एवं जबलपुर संस्कारधानी के पकवान की प्रसंशा की उन्होंने कहा कि आप इतने दूर म.प्र. प्रदेश के जबलपुर संस्कारधानी शहर से आकर अपना व्यंजन पकवान, मिष्ठान के स्टॉल लगाये उन्होनें पथ फूड बेण्डरों की सराहना की और पथ विक्रेताओं के सुनहरे उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पथ विक्रेता एकता संघ के अध्यक्ष श्री प्रदीप तिवारी धीरेन्द्र केशरवानी (केशरवानी चाट कछपुरा ब्रिज गढ़ा ) रमेश कोरी (मां नर्मदा नाश्ता सेन्टर) धनी की कुटिया आशीष गुप्ता (ओम साई दबेली अधारताल, दीपक गुप्ता (लकी समोसा अधारताल, वंदना ठाकुर, प्रीति गुप्ता, सज्जन, दुर्गेश, रूद्धांक्ष गुप्ता शामिल हुए।



# हमसफर एक्सप्रेस में मुंबई भाग कर जा रही थी नाबालिग

### आरपीएफ ने उतार कर किया चाइल्ड लाइन के सुपुर्द

**जबलपुर यशभारत/।** रेलवे सुरक्षा बल जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान भी रखते हैं। पश्चिम मध्य रेलवे, रेल सुरक्षा बल ( आरपीएफ ) द्वारा जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु चौबीस घंटे सतत् ड्यूटी की जा रही है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल ( आरपीएफ ) ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत घर से भागे हुए, अपहृत हुए, बिछु? हुए बालक एवं बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों/चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया जता है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर मण्डल के आउट पोस्ट दमोह पर 139 हेल्प लाइन नम्बर जबलपुर से गाड़ी संख्या 19092 गोरखपुर से बन्द्रा टर्मिनस हमस?र एक्सप्रेस के एस/01 कोच मे दो नाबालिक बालिका को संदिग्ध अवस्था मे बैठने के संबंध मे सूचना प्राप्त होने पर सहायक उपनिरीक्षक अजय कुमार एवं आरक्षक राजीव मिश्रा के साथ गाड़ी के दमोह आगमन पर उक्त कोच को अटैन्ड किया गया तो 2 नाबालिक बालिका बैठी हुई पाई गई जिनसे पूछताछ किया गया तो उक्त दोनो बालिका ने अपना नाम व पता पुष्पा एवं रानी जिला कैमुर ( भभुआ ), बिहार बताया और बताया कि माता पिता के डाटफटकार से नाराज हो कर काम करने के लिये बिना बताये उक्त ट्रेन से मुम्बई के लिए बैठ गए। उक्त दोनो बालिकाओं को सहायक उपनिरीक्षक एवं स्टॉफ के साथ आरपीएफ आउट पोस्ट दमोह लाया गया। उक्त संबंध मे हेल्प लाइन नम्बर 1098 पर सूचित किये जाने पर चाइल्ड हेल्प लाइन दमोह के प्रतिनिधि अजीता तिवारी टीम मेम्बर चाइल्ड हेल्प लाईन द्वारा आरपीएफ पोस्ट दमोह मे उपस्थित होने पर उक्त दोनो नाबालिक बालिकाओं को गवाहों के समक्ष सहायक उपनिरीक्षक अजय कुमार आरपीएफ दमोह के द्वारा पाक साफ हालत में मुलायजा के पश्चात चाइल्ड हेल्प लाईन को सुपुर्द किया गया रेल सुरक्षा बल के सदस्यों द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है।

# कुंडम से निवास रोड निर्माण कार्य में भारी धांधली ग्रामीणों में आक्रोश



**कुंडम, यशभारत।** कुंडम से निवास तक डामरीकरण रोड का निर्माण किया जा रहा है लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 के द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जवाब मैं केंद्र की राशि 33 करोड़ रुपए की लागत से कुंडम से निवास तक का डामरीकरण रोड बनाया जा रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा सारे नियम कानून धज्जियां उड़ाते हुए कार्य को कराया जा रहा है और शासन-प्रशासन मौन बैठा है ग्रामीणों ने आपत्ति जताई कि ठेकेदार द्वारा नहीं कराया जा रहा है गुणवत्ता का कार्य रोड निर्माण कार्य में जो पुलिया निर्माण कराया जा रहा है वह एकदम ही घटिया स्तर का कराया जा रहा है जिससे कभी भी जन हानि हो सकती है और बहुत जल्दी रोड उखड़ कर बिखर जाएगी ग्राम लखनवारा उचेहरा पिपरिया कुंडम के नागरिकों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा रोड निर्माण कराया जा रहा है इसमें बहुत धांधली की जा रही है अधिकारियों की मिलीभगत से केंद्रीय शासन की 33 करोड़ रुपए की राशि की होली खेली जा रही है एसआरएस इंफ्रा धर्मेंद्र शर्मा ग्वालियर वाले ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है धर्मेंद्र शर्मा के द्वारा यह निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें ना पानी डाला जा रहा है और ना ही पिचिंग की जा रही है बोल्डर पत्थर भी नहीं डाला जा रहा है मिट्टी के भरोसे रोड का निर्माण करा कर 33 करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री मद की राशि की बलि चढ़ाई जा रही है और अधिकारी विभाग सहित जनप्रतिनिधि मौन बैठे हैं ग्रामीण जनों का कहना है बड़ी मुश्किल से तो रोड बनाई जाती है अगर अच्छी ना बनी तो उसका कोई मतलब नहीं रहेगा इसलिए माननीय प्रधानमंत्री ने केंद्र की राशि 33 करोड़ रुपए देकर कुंडम निवास रोड का डामरीकरण निर्माण कार्य कार्य स्वीकृत किया था जो बहुत पुरानी मांग थी कुंडम और निवास रोड बहुत ही जर्जर रोड थी और सिंगल रूट थी अब उसे डबल रूट किया जा रहा है मगर ठेकेदार की घटिया निर्माण से यह रोड फिर से जल्दी उखड़ जाएगी इसलिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ग्रामीण जनों ने लोक निर्माण विभाग क्रमांक 1 के अधिकारियों से मांग की है की घटिया निर्माण कर रोककर उच्च स्तरीय रोड का निर्माण किया जाना चाहिए और चल रहे निर्माण कार्य की जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

## नगर पालिका परिषद द्वारा आनंद उत्सव आयोजन का चौथा दिन

# बॉलीबाल, खो-खो खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**गाडरवारा(यश भारत)।** कॉलेज ग्राउंड पर नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित आनंद उत्सव कार्यक्रम के तहत विविध प्रतियोगिताओं के चैथे दिन बॉलीबाल, खो-खो खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं की टीमों ने भाग लेकर अपने रोमांचकारी प्रदर्शन कर प्रतिभा उजागर कीं।



कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि पूर्व जिपं सदस्य गौतम पटेल ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा करते हुये कहा कि नगर की प्रतिभाओं के लिये सरकार के आदेश पर गाडरवारा में आनंद उत्सव का कार्यक्रम अनोखा कार्यक्रम है, इसके लिये आयोजक नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा और उनकी टीम साधुवाद की पात्र है। उन्होंने कहा कि खेल के ऐसे आयोजन बच्चों के स्वास्थ्य के लिये लाभदायक होते है, शरीर स्वस्थ तो बुद्धी ठीक चलती है और पढ़ाई भी अच्छे से होती है। उन्होंने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि गाडरवारा से जिला स्तर और जिले से प्रदेश और देश स्तर पर अपनी खेल प्रतिभाओं को परिचय दीजिये और नगर का नाम रोशन करो। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नपा अध्यक्ष अनिता जायसवाल ने कहा कि हर्ष का विषय है कि नगर में एक अच्छा आयोजन नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है, बच्चों के लिये पढाई के साथ साथ मनोरंजन भी जरूरी है। बच्चों से यही कहूंगी कि जमकर खेलों खूब पढे और नगर का नाम रोशन करें। रविशेखर जायसवाल ने कहा कि बच्चों की खुशी के लिये, उनकी प्रतिभा निखारने के लिये इस तरह के आयोजन के लिये नपा अध्यक्ष, उनकी टीम और सम्पूर्ण नगरपालिका के कर्मचारी अधिकारी प्रशंसा के पात्र है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को आगे बढने का मौका मिलता है, शरीरिक विकास और स्वास्थ्य के लिये पारंपरिक खेलों के आयोजन बहुत जरूरी है। उन्होंने नगर विकास और ऐसे आयोजन के लिये दलगत राजनीति से हटकर हमेशा सहयोग करने की घोषणा मंच के माध्यम से की। विशेष अतिथि रिटायर्ड डीएससी भगवान दास त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा इस तरह के पारंपरिक आयोजन सरकार के माध्यम से करने का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना विकसित करना है। खेलों के ऐसे आयोजनों से बच्चों का शारीरिक विकास ही नहीं उनकी बुद्धी का विकास भी होता है। नगर के बच्चों में छिपी प्रतिभा उजागर होने से उन्हें एक मंच भी ऐसे खेलों के आयोजनों से मिलता है। डीएसपी श्रीपटैल ने कहा कि आनंद उत्सव जैसे इस तरह के आयोजनों की नगर में ऐसे आयोजनों की बच्चों को वर्तमान में बहुत आवश्यकता है। वर्तमान सायबर युग है और मोबाइल, कम्प्यूटर में बच्चे ज्यादा व्यस्त रहते हैं, ऐसे में पारंपरिक खेलों के आयोजन से उन्हें शारीरिक उर्जा मिलती है और शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि खिलाडी अच्छा प्रदर्शन करें और नगर का नाम रोशन करें। विशेष अतिथि अनिल लूनावत ने कहा कि नगर के बच्चों के लिये आयोजित यह आनंद उत्सव के आयोजन में परम आनंद मिल रहा है, नपा अध्यक्ष एवं उनकी टीम साधुवाद की पात्र. है जिन्होंने नगर की प्रतिभाओं के लिये इस तरह का बेहतरीन आयोजन किया। आनंद उत्सव कार्यक्रम के आयोजक नपा अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा ने स्वागत भाषण में उपस्थित मंचासीन अतिथियों अभिनंदन किया और साधुवाद प्रेषित करते हुये कहा कि देश में मप्र, मप्र में नरसिंहपुर और नरसिंहपुर में गाडरवारा श्रेष्ठ नगर है। क्योंकि इस नगर में श्रेष्ठ व्यक्ति निवास करते हैं। यहां दल अलग जरूर हैं लेकिन दिल हमेशा मिले रहते हैं, इस कार्यक्रम में सभी दलों के नेताओं का सहयोग मिल रहा है। आनंद उत्सव कार्यक्रम के चैथे दिवस प्रमुख रूप विशिष्ट अतिथियों के रूप में शिक्षक जयमोहन शर्मा, एडवोकेट एचव्ही रफीक, श्रीमति लता पाण्डेय, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रीना पटैल, शैलेन्द्र जैन, रविन्द्र जैन चाचा, कमल कोचर, शरद मोलासरिया, प्रमोद चैकसे, अशोक सराठे, सुरेश सराठे, ओम काबरा, चैतन्य लूनावत, चैगान मंडल अशोक भार्गव, एड बसंत तपा, पार्षद एवं सभापति आनंद दुबे, शुभम राजपूत, चंचल कोरी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कमल खटीक, प्रवेश राय, रीतेश राय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सभापति एवं पार्षद सुरेन्द्र गुर्जर द्वारा किया गया। 16 से 22 जनवरी तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के चैथे दिवस आज 20 जनवरी थ्रो बॉल, बैडमिंटन, 21 जनवरी चम्मच दौड, चित्रकलॉ प्रतियोगिता, 22 कुर्सी दौड एवं रस्सा कसी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# पमरे को रेलवे बोर्ड से राजभाषा में दो महत्वपूर्ण पुरस्कार मिलने की घोषणा

**जबलपुर यशभारत।** महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व तथा अपर महाप्रबंधक/मुख्य राजभाषा अधिकारी शोभन चौधुरी के सम्यक मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे पर भारत सरकार की राजभाषा नीति का समुचित अनुपालन किया जा रहा है। राजभाषा नीति को और प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे सुधीर कुमार गुप्ता के करकमलों से राजभाषा मार्गदर्शिका वर्ष 2023 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, आर.एस. सक्सेना, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक राजेश पाठक, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक डी. सी. अहिरवार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. के. अलबेला, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त पी.के. गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजिनियर अनिल कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक पंकज शर्मा सहित पश्चिम मध्य रेलवे के अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि राजभाषा मार्गदर्शिका में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार को ब?ावा देने वाली कई महत्वपूर्ण सूचनाओं को संजोया गया है। इसमें भारत सरकार की राजभाषा संबंधी नीतियों, राजभाषा नियमों एवं अधिनियमों को संकलित किया गया है। साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सरकारी कामकाज में दिन-प्रतिदिन की राजभाषा प्रगति का विवरण भी दर्ज किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में मुख्यालय के राजभाषा अधिकारी राज रंजन श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।



### रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से इनको नवाजा जाएगा

पश्चिम मध्य रेल को रेलवे बोर्ड से राजभाषा के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण पुरस्कार मिलने की घोषणा हुई है। प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर रविशंकर सक्सेना को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से नवाजा जाएगा। इसके अलावा रेलवे बोर्ड की आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी चल वैजयंती शील्ड जबलपुर मंडल को प्रदान करने का निर्णय रेलवे बोर्ड स्तर पर किया गया है। इसके लिए महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता ने सम्पूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे के रेल अधिकारियों एवं रेलकर्मियों को बधाई दी है।

# हॉकी वर्ल्ड कप...भारत ने वेल्स को 4-2 से हराया

## डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से चूकी टीम इंडिया, अब न्यूजीलैंड को हराना होगा

**भुवनेश्वर ,ईएमएस।** भारत ने हॉकी वर्ल्ड कप के अपने आखिरी पूल मैच में वेल्स को 4-2 से हरा दिया। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में गुरुवार को भारत की ओर से आकाशदीप सिंह ने 2 गोल किए। जबकि शमशेर सिंह और हरमनप्रीत सिंह की स्टिक से एक-एक गोल आया। इस जीत के बावजूद भारतीय टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंच सकी। अब भारत को क्रॉसओवर मुकाबला खेलना होगा। उसमें जीत मिलने की स्थिति में टीम क्वार्टर फाइनल में जाएगी। भारत को डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए वेल्स के खिलाफ 8-0 से जीत की जरूरत थी।



### 22 जनवरी को न्यूजीलैंड से होगा क्रॉसओवर मैच

भारतीय टीम पूल-डी में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर रही। भारत का क्रॉसओवर मैच 22 जनवरी को पूल-सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली न्यूजीलैंड की टीम से होगा। उस मैच में जीत हासिल करने की स्थिति में भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पूल-बी टेबल टॉपर टीम से भिड़ेगी। पूल-डी से इंग्लैंड की टीम डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है। भारत और इंग्लैंड दोनों के 7-7 पॉइंट्स रहे लेकिन बेहतर गोल डिफरेंस के आधार पर इंग्लिश टीम सीधे अंतिम 8 में पहुंच गई। इंग्लैंड का गोल डिफरेंस 9 का रहा, वहीं भारत का गोल डिफरेंस 4 का रहा। भारत ने अपने पहले मुकाबले में स्पेन को 2-0 से हराया था। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ भारत का मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा था। आखिरी मैच में टीम इंडिया ने वेल्स को मात दी है। दूसरी ओर इंग्लैंड ने पहले मैच में वेल्स को 5-0 से हराया था। भारत के साथ ड्रॉ खेलने के बाद तीसरे मैच में इंग्लिश टीम ने स्पेन को 4-0 से हराया। टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार चारों पूल में नंबर-1 पर रहने वाली टीम डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में पहुंचती है। वहीं, दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीमें क्रॉस ओवर मैच खेलती हैं।

## हाशिम अमला याद हैं? पिच पर खूंटा गाड़कर खड़े हो जाने वाला यह दिग्गज अब मैदान पर नहीं दिखेगा

**सर्रे, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज हाशिम अमला ने क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कह दिया है, जिससे दो दशक के उनके सुनहरे करियर पर विराम लग गया। चार साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 39 वर्ष के अमला ने इंग्लिश काउंटी टीम सर्रे को इसकी पुष्टि की। सर्रे ने ट्वीट किया, 'हाशिम अमला ने क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कह दिया, उन्होंने अपना करियर खत्म होने का ऐलान किया है। सर्रे की ओर से हम उन्हें धन्यवाद देते हैं।' अमला ने 124 टेस्ट, 181 वनडे और 44 टी-20 मैच खेलकर दक्षिण अफ्रीका के लिए 18672 रन बनाए। वह टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले और इकलौते बल्लेबाज हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई 2012 में ओवल पर नाबाद 311 रन बनाए थे। अब अमला दक्षिण अफ्रीका टी-20 लीग में मुंबई इंडियंस केपटाउन के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम करेंगे।

# पहलवानों के समर्थन में खाप पंचायतें कहा- धरने में पहुंचे

## खेल मंत्री ने खिलाड़ियों से अध्यक्ष के जवाब का इंतजार करने को कहा



**नई दिल्ली,ईएमएस।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जारी देश की महिला पहलवानों के धरने का शुक्रवार को तीसरा दिन है। जंतर-मंतर पर चल रहे धरने में हरियाणा की खाप पंचायतें भी पहुंच सकती हैं। गुरुवार को फोगाट खाप के आह्वान पर सर्वजातीय सर्व खाप पंचायत हुई। इसमें तय किया गया कि अगर पहलवानों की मांगे न मानी गईं तो दो दिन में खाप पंचायतें धरने में शामिल होंगी।उधर, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने धरना दे रहे पहलवानों को गुरुवार रात अपने सरकारी आवास पर डिनर पर बुलाया। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, रवि दहिया, दीपक पूनिया, बबीता फोगाट समेत कई पहलवान 4 गाड़ियों से पहुंचे थे। बैठक रात 10 बजे शुरू हुई थी और करीब पौने चार घंटे चली। अनुराग ठाकुर ने खिलाड़ियों से कुश्ती संघ के अध्यक्ष के जवाब का इंतजार करने को कहा।

### फेडरेशन को 72 घंटे का अल्टीमेटम

इससे पहले गुरुवार को खेल मंत्रालय ने पीड़ित खिलाड़ियों को बुलाकर करीब एक घंटे तक बातचीत की थी। बातचीत से पहलवान संतुष्ट नहीं हुए। उनकी मांग पहले ड्ब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को हटाने की थी, अब वे कुश्ती संघ को भंग कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा- मांग पूरी होने तक उनका धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। खेल मंत्रालय ने कुश्ती संघ को नोटिस भेजकर जवाब के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इसकी मियाद शनिवार रात यानी 21 जनवरी को खत्म होगी।

### बृजभूषण सिंह ने कहा- मैं इस्तीफा नहीं दूंगा

ड्ब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कहा- मैं इस्तीफा नहीं दूंगा। मेरे खिलाफ कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा के इशारे पर राजनीति हो रही है। जो आरोप लगा रहे हैं, उनका करियर खत्म हो गया है। ज्यादातर पहलवान एक ही कम्युनिटी से हैं। पार्टी का जो आदेश मिलेगा, उसी को मानूंगा। खेल मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद पहलवानों ने पहले अपने साथियों से बात की, उसके बाद मीडिया के सामने अपनी बात रखी। विनेश फोगाट ने की कि हम अध्यक्ष का इस्तीफा भी चाहते हैं और अध्यक्ष को जेल भी भिजवाएंगे। हमारे साथ बहुत गलत हुआ है। हम बिना सबूत यहां नहीं बैठे हैं। अध्यक्ष दो मिनट मेरे सामने आंखों में आंखें में डाल कर बोल दें कि गलत नहीं किया है। हमारी लड़ाई लड़कियों को शोषण से बचाना है। बजरंग पूनिया ने कहा कि हमारे साथ हिंदुस्तान के सारे रेसलर हैं। अध्यक्ष ने कहा था सबूत दो तो फांसी पर लटक जाऊंगा। पहले हमारे साथ दो लड़कयां थीं, अब हमारे साथ विदप्रूफ 6-7 लड़कियां हैं, जिनका अध्यक्ष ने शोषण किया है। हम पीछे नहीं हटेंगे। हम सिर्फ इस्तीफे से संतुष्ट नहीं होंगे। हम फेडरेशन को भंग कराना चाहते हैं। साक्षी मलिक-बैठक में हमें सिर्फ आश्वासन दिया गया है। हम आश्वासन से संतुष्ट नहीं है। हमें हमें ठोस कार्रवाई चाहिए।

## सीधी सादी और खिलखिलाती मुस्कान, सुहाना को देख फैंस बोले- शाहरुख की डुप्लीकेट है बिटिया रानी

**मुंबई, ईएमएस।** शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान पॉपुलर स्टारकिड्स हैं। जो आए दिन सोशल मीडिया की हैडलाइन्स में छाई रहती हैं। सुहाना पढ़ाई पूरी करने के बाद इंडिया लौटी हैं और अब वह अपने बॉलीवुड डेब्यू पर फोकस कर रही हैं। जल्द ही उनकी अपकमिंग फिल्म आएगी जिसपर शाहरुख खान के सभी फैंस की नजरे ठहरी है। सुहाना खान एक बार फिर एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि लोगों ने शाहरुख खान की डुप्लीकेट कहना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं कुछ फैंस ने सुहाना को लेकर अजीबोगरीब कमेंट्स भी किए। गुरुवार को सुहाना खान मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। इस दौरान वह कूल आउटफिट में नजर आईं। पपाराजी को देख वह बड़ी सी मुस्कान भी देती हैं। उनका ये प्यारा सा अवतार कई फैंस का दिल जीत रही हैं। मगर सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे यूजर्स भी हैं जिन्हें हर चीज में खामियां नजर आती हैं और अक्सर वह सेलेब्स को ट्रोल करने के इंतजार में रहते हैं।



### सीधी-सादी सी सुहाना खान और ये वीडियो

सुहाना खान इस वीडियो में बिना मेकअस और सिंपल कैजुअल ड्रेसअप में दिखीं। सुहाना खान एकदम अपने पिता शाहरुख खान की तरह लग रही हैं। कुछ फैंस ने इस बारे में कमेंट्स में भी लिखा। एक यूजर ने लिखा कि वह पहली नजर में कंफ्यूज हो गए कि ये सुहाना हैं या शाहरुख। वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा सुहाना पिता शाहरुख खान की डुप्लीकेट के बिटिया रानी।

### सुहाना खान का बॉलीवुड डेब्यू

सुहाना खान ने बॉलीवुड पारी शुरू करने के लिए कमर कस ली है। वह जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। उनके साथ कई स्टारकिड्स नजर आएंगे। आजकल वह अपने फिल्म के सिलसिले में ही बिजी हैं। वहीं सुहाना के पापा शाहरुख अपनी पठान की रिलीज डेट को लेकर चर्चा में हैं। हाल में ही शाहरुख के साथ उनकी पूरी फैमिली स्पॉट हुई थी।

## भारती सिंह के दुलारे गोला ने कहा दूसरा शब्द, सुनते ही रोने लगीं मम्मी तो पापा हर्ष नाच उठे

**मुंबई, ईएमएस।** कॉमेडियन भारती सिंह अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में अपने व्लॉग के जरिए सबकुछ बयां करती हैं। वह बेटे गोला यानी लक्ष्य के बारे में भी फैंस के साथ शेयर करती हैं। गोला ने हाल में ही जब पहला शब्द बोला तो भारती सिंह खुशी के मारे फूली नहीं समा रही थीं। मगर वह इसीलिए मायूस थी कि गोला के मुंह से पहला शब्द पापा निकला। अब भारती सिंह ने नया वीडियो शेयर किया है जिसमें गोला ने दूसरा शब्द कहा है। मगर गोला ने ऐसा कह दिया है कि हर्ष लिंबाचिया खुशी से चहक उठते हैं और भारती सिंह को रोना आ जाता है। जी हां, वह मम्मा कहता है। आइए आपको भी गोला का ये क्यूट वीडियो दिखाते हैं जहां वह हंसते मुस्कुराते बेहद प्यार दिख रहे हैं। भारती सिंह अपनी आम जिंदगी को अपने यूट्यूब चैनल के जरिए साझा करती हैं। हाल में ही उन्होंने बताया कि वह बेटे को वैक्सीन करवाने जा रही हैं। इस बार गोला के पिता हर्ष भी आए। वह गाड़ी में अपनी केयर टेकर के साथ दिखीं। इस दौरान गोला ने दूसरा वर्ड बोला है जिसे सुनकर हर्ष खुशी से झूम उठे मगर भारती की बोलती बंद हो गई।



# माइकल ब्रेसवेल आखिर किस बला का नाम?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को पहले वनडे में 12 रनों से हरा जरूर दिया, लेकिन उसकी जीत से ज्यादा एक खिलाड़ी की हो रही है, जिसने हैदराबाद में रोहित सेना की हवा टाइट कर दी थी। यह नाम है माइकल ब्रेसवेल। इस 31 वर्ष के ऑलराउंडर ने हर भारतीय बल्लेबाज को बेरहमी से धोया। उन्होंने सूरमा बल्लेबाजों को फेल होने के बाद मोर्चा संभाला और 78 गेंदों में 12 चौके और 10 छक्के उड़ाते हुए 140 रनों की पारी पारी खेली। ऐसा लगा रहा था कि वह कीवी टीम को मैच जितवा ही देंगे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला और भारत जीतने में कामयाब रहा।

### भारत के खिलाफ दूसरा सबसे तेज शतक

यह भारत के खिलाफ वनडे में दूसरा सबसे तेज शतक है। इससे पहले शाहिद अफरीदी ने 2005 में कानपुर वनडे में भारत के खिलाफ सिर्फ 45 गेंदों में सेंचुरी जड़ी थी, जो आज भी रिकॉर्ड है। यही नहीं, 7वें नंबर पर बैटिंग करते हुए दो शतक जड़ने के साथ ही उन्होंने धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली।

### ब्रेसवेल ने मार्च 2022 में इंटरनेशनल डेब्यू किया

ब्रेसवेल एक ऑलराउंडर हैं और उन्होंने मार्च 2022 में नीदरलैंड्स के खिलाफ न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। मई 2022 में दो महीने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के टेस्ट टीम में ब्रेसवेल को शामिल किया गया था।

### डग ब्रेसवेल के चचेरे भाई हैं माइकल

वह वर्तमान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डग ब्रेसवेल और कॉमेडियन मेलानी ब्रेसवेल के चचेरे भाई हैं। माइकल ने पांच साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उन्होंने अपने नायक एडम गिलक्रिस्ट की तरह बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की। लेकिन बाद में उन्होंने ऑफ स्पिन करना शुरू किया, जो उनके करियर के लिए टर्निंग पॉइंट रहा।

### ब्रेसवेल ने जड़ा न्यूजीलैंड के लिए लगाया तीसरा सबसे तेज शतक

न्यूजीलैंड के इस धाकड़ ऑलराउंडर ने बुधवार को वनडे करियर का दूसरा वनडे शतक जड़ा। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने सिर्फ 57 गेंदों में 100वां शतक जड़ा। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड की ओर से भारत के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक भी लगाया। यह नहीं वह न्यूजीलैंड के लिए सबसे तेज शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने। उनसे पहले कोरी एंडरसन ने 36 गेंदों में 2014 में विंडीज के खिलाफ शतक उड़ाया था, जबकि जेसी राइडर ने 46 गेंदों में 2014 में ही विंडीज के खिलाफ ही शतक ठोका था।

## शाहिद कपूर के आलीशान घर में किराये पर रहेंगे कार्तिक आर्यन, हर महीने का रेंट सुन चकरा जाएंगे आप





**नई दिल्ली, एजेंसी।** कार्तिक आर्यन पिछले काफी समय से अपने लिए एक खूबसूरत घर की तलाश कर रहे थे और अब ऐसा लग रहा है कि उन्हें अपना मनपसंद घर मिल गया है। यह घर किसी और का नहीं बल्कि बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर का ही है जो जुहू में मौजूद है। कहा जा रहा है कि कार्तिक इस बंगले के लिए शाहिद को हर महीने मोटी रकम रेंट में देने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तीन साल के लिए लीज़ अग्रीमेंट तैयार हो गया है और कार्तिक आर्यन ने इसके लिए 45 लाख रुपये सिक्यॉरिटी डिपॉजिट के तौर पर भरे हैं। इस अग्रीमेंट के मुताबिक कार्तिक शाहिद कपूर को एक साल तक 7.50 लाख रुपये हर महीने बतौर रेंटल अमाउंट भरेंगे। इसी के साथ हर साल 7% अमाउंट बढ़ता जाएगा। यानी कार्तिक दूसरे साल जो रेंट शाहिद को देंगे वह 8.2 लाख रुपये हर महीने होगा और तीसरे साल में यही अमाउंट बढ़कर 8.58 लाख रुपये हो जाएगा।

### इस लग्जरी अपार्टमेंट के साथ मिलेगा दो पार्किंग

बता दें कि शाहिद कपूर के इस लग्ज़री अपार्टमेंट का एरिया 3681 sq ft में ग्राउंड फ्लोर पर फैला है, जिसके साथ दो कार पार्किंग भी है। एक न्यूज पोर्टल के मुताबिक, कार्तिक की मां माला तिवारी और शाहिद की वाइफ मीरा राजपूत स्टैम्प ड्यूटी और 36 महीने के लीज़ रजिस्ट्रेशन प्रॉसेस का काम पूरा किया है।

# खेलो जबलपुर से जबलपुर प्रतिभावान खिलाड़ी सामने आयेंगे : राकेश सिंह



## साँसद खेल महोत्सव पहलवानों ने दिखाए दाव, मलखंब का हैरत अंगेज प्रदर्शन

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत होने वाले साँसद खेल महोत्सव में खेलो जबलपुर में जबलपुर के ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी सामने आएंगे जो भविष्य में जबलपुर का नाम खेल के क्षेत्र में रोशन करेंगे, यह बात लोकसभा के मुख्य सचेतक साँसद श्री राकेश सिंह ने साँसद खेल महोत्सव के आठवें दिन आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के समापन अवसर पर रानीताल स्टेडियम में कही। इस दौरान छोटे बच्चों द्वारा मलखंब का प्रदर्शन भी किया गया।साँसद श्री सिंह ने कार्यक्रम के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि आने वाले पाँच वर्षो में जब भारत दुनिया का नेतृत्व करे तब दुनिया मे युवाओ की सबसे बड़ी संख्या वाला हमारे देश के युवा स्वस्थ रहे और इसके लिए आवश्यक है कि खेल के क्षेत्र में युवा आगे आये और अपने आपको स्वस्थ रखने के साथ ही अपनी पंचायत, अपने वार्ड, अपने जिले, प्रदेश और देश का नाम आगे ले जाये। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में साँसद खेल महोत्सवज्ज का आयोजन हुआ है और जबलपुर में यह आयोजन स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से प्रारंभ हुआ है जो 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती तक चलेगा। उन्होंने बताया इन खेलों के साथ ही इस आयोजन के बीच हमारे परंपरागत खेल जिन्हें खेलकर हम बड़े हुए है जिनमे, कंचे, पिट्ठू, चींटी धप्प, लट्टू आदि का आयोजन भी प्रतिदिन हो रहा है जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं एवँ बच्चे हिस्सा ले रहे है। श्री सिंह ने बताया प्रतिदिन आयोजित होने वाले खेलो में प्रदेश एवँ राष्ट्रीय स्तर से अतिथि खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने आ रहे है और आने वाले दिनों में केंद्रीय राज्यमंत्री एवँ देश के पूर्व आर्मी चीफ जनरल वीके सिंह, सुप्रसिद्ध अभिनेता एवँ सांसद रविकिशन एवँ समापन समारोह में देश के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर जबलपुर आएंगे।



### कुश्ती प्रतियोगिता के परिणाम

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता जो शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर से एवँ ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर से आयोजित की गई जिसके बाद मंडल स्तर और विधानसभा स्तर पर कुश्ती का आयोजन हुआ और विधानसभा स्तर के प्रतिभागियों का फाइनल मैच गुरुवार को रानीताल स्टेडियम में हुआ जिसमें अलग अलग भार वर्ग की प्रतियोगिता हुई जिसमें 45 किलो वर्ग में पश्चिम विधानसभा के राजा पासी, 48 किलो में बरगी विधानसभा के सुरेंद्र आर्मो, 52 किलो में उत्तर विधानसभा के मोहम्मद अ्तर, 56 किलो के उत्तर विधानसभा के साई बंसकार, 60 किलो में पश्चिम विधानसभा के अवध केसरवानी, 65 किलो में पश्चिम विधानसभा के सौम्य सोनकर, 70 किलो में पश्चिम विधानसभा के करण चक्रवर्ती एवँ 75 किलो वर्ग में पश्चिम विधानसभा के अक्षय चक्रवर्ती विजयी रहे।

### छोटे- छोटे बच्चों ने दिखाया मलखंब में प्रदर्शन

सांसद खेल महोत्सव में आर्मी स्कूल के 47 बच्चों ने पुरातन खेल मलखंब का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चो के करतब देख उपस्थित जनसमुदाय ने करतल ध्वनि बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के क्षेत्र संयोजक भीष्म सिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, एसके मुद्दीन, राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, संदीप जैन, पंकज दुबे, अभय सिंह ठाकुर, कृष्णशेखर सिंह, रंजीत ठाकुर, अंजू भार्गव, लालू यादव, कुँवरपाल सिंह, योगेंद्र सिंह ठाकुर, संजय यादव, प्रमोद चोहतेल, रूपा राव, कौशल सूरी, राहुल दुबे, अशोक रोहितास, अभिषेक तिवारी, रोजीना कुरैशी, लवलीन आनंद, रेणु कोरी, किरण तोमर आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री एवँ पूर्व आर्मी चीफ जनरल व्हीके सिंह के मुख्य आतिथ्य में खो- खो एवँ हॉकी प्रतियोगिता आज

सांसद खेल महोत्सव के नौवें दिन कल शुक्रवार 20 जनवरी को दोपहर 2¬30 बजे से खो-खो एवँ हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय राज्य मंत्री एवँ देश के पूर्व आर्मी चीफ जनरल व्हीके सिंह के मुख्य आतिथ्य में रानीताल स्टेडियम में किया गया है।

## रादुविवि में आयोजित रोजगार मेला में बांटे गए नियुक्ति पत्र

# रोजगार मेला बन गया है सुशासन की पहचान- प्रहलाद पटेल

**जबलपुर,यशभारत।** देशभर में आयोजित हो रहे रोजगार मेलों की कड़ी में शुक्रवार को जबलपुर में मेला आयोजित किया गया। जबलपुर नगर में इस रोजगार मेला के सफल एवं सुगम संचालन का दायित्व केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, जबलपुर (म.प्र.) को सौंपा गया। रोजगार मेले का शुभारंभ आज पंडित कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, सिविल लाईन में राज्यमंत्री, जल शक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, भारत सरकार प्रहलाद सिंह पटेल ने दीप प्रज्वलित पर किया। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने इस दौरान कहा कि 2023 का पहला रोजगार मेला है। इस साल की शुरूआत उज्जवल भविष्य की नई उम्मीदों के साथ हुई है। मैं सभी युवाओं और उनके परिवारों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आने वाले दिनों में लाखों और परिवारों को सरकारी नौकरी में नियुक्ति मिलने वाली है। कार्यक्रम में सांसद राकेश सिंह दिनेश पी. पांगरकर (भा.रा.से.) आयुक्त ,नवनीत गोयल (भा.रा.से.)मुख्य आयुक्त भोपाल जोन (म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ राज्य ) समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस दौरान प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 71 हजार युवाओं को रोजगार मेले के तहत जॉब अपॉइंटमेंट लेटर बांटे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रहे इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लाभार्थियों से बात की। पीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ये 2023 का पहला रोजगार मेला है। नए साल की शुरूआत उज्जवल भविष्य की नई उम्मीदों के साथ हुई है।जिन युवाओं को रोजगार मेले से नौकरी मिली है, उन्हें और उनके परिवार को बधाई देता हूं। आने वाले दिनों में लाखों और परिवारों को सरकारी नौकरी में नियुक्ति मिलने वाली है।बता दें कि पिछले साल दो रोजगार मेलों में पीएम 1 लाख 47 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे चुके हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। आज हम मदद मांगने वाले नहीं, मदद देने वाले देश बने हैं। कोरोना काल में हमने न केवल देशवासियों को टीके लगाए, बल्कि अनेक देशों की भी मदद की। दुनिया में भारत की ताकत बढ़ रही है। आजादी का यह अमृतकाल युवा पीढ़ी के लिए स्वर्ण युग है। यह परिवर्तन का दौर है। हम जहां भी जिस जिम्मेदारी में रहें, अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें।







# केण्ट बोर्ड सुपरवाईजर के घर में चोरों का धावा

## खिड़की तोड़कर घर का 40 हजार का माल कर दिया पार

**जबलपुर, यशभारत।** केण्ट के सदर में केण्ट बोर्ड सुपरवाईजर के मकान में चोरों ने धाबा बोलते हुए खिड़की तोड़ी और अंदर दाखिल होकर घर में रखा कम्प्यूटर, सिलाई मशीन सहित वर्तन कुल चालीस हजार का माल पार कर रफूचक्कर हो गए। जब सुपरवाईजर सुबह घर पहुंचा तो खिड़की टूटी हुई पड़ी थी और घर का सामान गायब था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि प्रेमचंद वर्से 56 वर्ष निवासी सदर ने बताया कि वह केण्ट बोर्ड में सुपरवाईजर का काम करता है । सदर में उसका निजी मकान था जिसमें उसका आना जाना था वह सरकारी क्वॉटर में रहता है। देर रात ताला लगाकर सरकारी क्वॉटर चला गया था। सुबह घर आकर देखा कि उसके घर का दरवाजा खुला था । शातिर चोर घर में लगे खिड़की की जाली तोड़कर पहले अंदर घुसे और फिर दरवाजे की अंदर से कुंदा खोलकर घर के अंदर रखा एक कम्प्यूटर, सिलाई मशीन, वर्तन आदि कुल कीमती लगभग 40 हजार रूपये का माल चोरी कर ले उड़े।





# हेलमेट चैकिंग करने मैदान में उतरे एएसपी, लगाई क्लास

**जबलपुर, यशभारत।** सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जिसके चलते हेलमेट लगाना भी अनिवार्य किया गया है। लेकिन देखने में आ रहा है कि स्टूडेंट्स से लेकर वकील और बुद्धिजीवी लोग भी यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है। जिसका नजारा हाइकोर्ट चौराहे में उस वक्त देखने को मिला जब एएसपी प्रदीप शेंडे स्वयं हेलमेट चैकिंग के लिए रोड पर उतरे। इस दौरान स्टूडेंट्स से लेकर वकीलों ने तीखी बहस की। इस दौरान एएसपी श्री शेंडे ने कहा कि लोग गरिमा का ध्यान रखें और बहस में ना पड़कर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करे। यही आवश्यक है।

**वकीलों, स्टूडेंट्स की लगाई क्लास, बहस करने पर कहा- लोग गरिमा का ध्यान रखें और यातायात नियमों का कड़ाई से करें पालन**

आपने हेलमेट नहीं पहना है... आपका हेलमेट कहां है..? इतना सुनते ही एमबीए का छात्र भड़क गया और एडिशनल एसपी से बहस करने लगा। दरअसल बिना हेलमेट पहनकर वाहन चला रहे एक स्टूडेंट को एडिशनल एसपी ने चेकिंग के दौरान रोका। इस दौरान स्टूडेंट भड़क गया और एडिशनल एसपी से ही बहस करने लगा। हालांकि स्टूडेंट को इस बात का अंदाजा नहीं था कि एडिशनल एसपी खुद ही हेलमेट चेकिंग कर रहे हैं। बाद में जब एडिशनल एसपी ने स्टूडेंट को कहां तुम एडिशनल एसपी से ही बहस कर रहे हो। ज्यादा बहस करोगे तो कार्रवाई कर देंगे। फिर स्टूडेंट को अपनी गलती का अहसास हो गया और वह गलती की क्षमा मांगने लगा। जिसके बाद एडिशनल एसपी ने स्टूडेंट की जमकर क्लास लगाई। बाद में स्टूडेंट का चालान काटा गया और हिदायत देकर स्टूडेंट को छोड़ दिया गया।

दरअसल जबलपुर शहर में बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कारज़्वाई की जा रही है। जिसको लेकर एडिशनल एसपी प्रदीप शेंडे अचानक चेकिंग के लिए हाईकोटज़् चौराहा पहुंच गए। जहां वह लगातार 1 घंटे तक बाइक सवारों हेलमेट पहनने की हिदायत देते रहे। इस दौरान उन्होंने दर्जनों लोगों का चालान भी काटा। इसी प्रकार एडिशनल एसपी ने दर्जनों वकीलों से भी हेलमेट पहनने की गुजारिश की हैं। हालांकि कुछ वकीलों ने जल्दबाजी जैसे कई बहाने का सहारा भी लिया। इस दौरान एडिशनल एसपी ने कहा माननीय वकील आप बहुत समझदार हैं। ऐसी गलती क्यों करते हैं। आपकी सुरक्षा के लिए ही हेलमेट हैं। वहीं कुछ वकीलों के चालान काटने की कार्रवाई की गई।



# शादीशुदा फ्लाईओवर कर्मी ने रचाई झूठी शादी : डेढ़ महीने तक की ज्यादती

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में बन रहे फ्लाईओवर के कर्मचारी ने अनूपपुर की युवती को पहले तो बेसफुक में फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी और फिर उसको अपने प्रेम के जाल में फांसा। बाद में युवती को जबलपुर बुलाकर एक होटल में उसका दैहिक शोषण किया। जब युवती ने विवाह करने की बात की तो आरोपी ने बकायदा झूठा विवाह भी रचा लिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब युवती को पता चला कि फ्लाईओवर कर्मी पहले से शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। जिसके बाद आरोपी ने युवती को घर भेज दिया। जिसके बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाना पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अनूपपुर निवासी 21 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसके फेसबुक पर पहले तो आरोपी युवक ने फ्रेन्ड रिक्वेस्ट भेजी। जिसके बाद आरोपी ने बताया कि वह जबलपुर में बन रहे फ्लाइओवर का कर्मचारी है और अपनी मीठी-मीठी बातों में फंसाया।

### आगा चौक की होटल में की ज्यादती

युवती ने बताया कि युवक ने प्रेम में उलझाकर उसे जबलपुर बुलाया। जहां युवक उसे आगा चौक की एक होटल में ले गया और उसके साथ ज्यादती की। बाद में युवती घर लौट गयी।

### रचाया विवाह, चेरीताल में रखा

पीड़िता ने बताया कि जब उसने विवाह की बात की तो पहले तो आरोपी टालता रहा और फिर बाद में उससे विवाह भी कर लिया और चेरीताल में एक किराए के मकान में रहने लगे। जहां आरोपी उसके साथ ज्यादती करता रहा।

### किसी और से कर लो विवाह

पुलिस के अनुसार विवाह के करीब डेढ़ महीने बाद पीड़िता को पता चला कि आरोपी युवक 27 साल पहले से शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। जिसके बाद पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे घर भेज दिया और बाद में कहा कि वह किसी और से विवाह कर ले। जिसके बाद पीड़िता थाने पहुंची। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है। जिससे सख्ती के साथ पूछताछ जारी है।

## जबलपुर में केंद्रीय मंत्री वीके सिंह का बयान

# महिला पहलवानों के मामले में कुछ नहीं बोल सकता



**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरद सिंह पर महिला पहलवानों के द्वारा लगाए गए आरोपों से सरकार घिर गई है। मामले पर अब केंद्रीय मंत्री वीके सिंह का बयान सामने आया है। जबलपुर प्रवास के दौरान उन्होंने कहा कि मैं इस विषय में कुछ बोलना नही चाहूंगा पर मेरा व्यक्तिगत मानना है कि राजनीतिक ज्यादा है बाकी कम है। बता दे कि केंद्रीय सड़क एंव उड्डयन मंत्री आज जबलपुर दौरे पर है। केंद्रीय मंत्री सांसद खेल महोत्सव में भी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने आज सड़क एवं परिवहन विभाग व उड्डयन विभाग के अधिकारियों की भी बैठक ली। उन्होंने बताया कि विभाग के जो काम चल रहें है उन कामों की समीक्षा की जा रहीं है। जबलपुर-मंडला की वह सड़क जिस पर कि नितिन गड़करी ने माफी मांगी थी उस सड़क की वर्तमान हालत पर केंद्रीय मंत्री का कहना है कि मैं अभी उस रोड पर गया नही हूं इसलिए कुछ बोल नही सकता।

सड़क परिवहन एवं उड्डयन राज्यमंत्री वीके सिंह ने जबलपुर में आज करीब एक घंटे तक अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में चर्चा के दौरान सुझाव भी लिए गए, साथ ही नए कामों में और क्या किया जा सकता है, इस पर भी चर्चा हुई। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की स्टेटस रिपोर्ट भी केंद्रीय मंत्री ने देखा।




# अधारताल मेन्यू रेस्टॉरेंट में चले बेसवॉल के डंडे

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के कटरा में कुछ युवक मेन्यू रेस्टॉरेंट में बर्थडे मना रहे थे, तभी पुरानी रंजिश को लेकर करीब आधा दर्जन आरोपी पहुंचे और जमकर गालीगलौच करने लगे। जब युवकों ने विरोध किया तो बेसबॉल के डंडों से जमकर दौड़ा-दौड़ा कर मारपीट कर दी। घटना में अनेक युवक घायल हुए है। वहीं रेस्टॉरेंट में हुए अचानक हमले के बाद भगदड़ मच गयी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

**बर्थडे मना रहे युवकों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा**

पुलिस ने बताया कि प्रिंस परिहार ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि पवन कुशवाहा का मेन्यू रेस्टॉरेंट में सभी साथी बर्थडे मना रहे थे। तभी रोहित सोनकर अपने साथियों के साथ पहुंचा और आपसी रंजिश भुनाने ताबड़तोड़ डंडों से वार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।






















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)